


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 15 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-317 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खड़े ट्रक से दो ट्रकों की टक्कर चालक-परिचालक की मौत

**दंतेवाड़ा, 15 फरवरी।** नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. खड़े ट्रक में दो तेज रफ्तार ट्रक जा भिड़े. हादसे में चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर चक्का जाम की स्थिति बन गई. वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क बहाल करवाने में जुट गई. जानकारी के अनुसार, गीदम थाना क्षेत्र के बंजारिन घाट के पास खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. वहीं पीछे से आ रही छह चक्का वाहन भी अनियंत्रित हो कर टकरा गई. इस वाहन के चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई. दूसरे वाहन के अन्य दो बुरी तरह से घायल हो गए हैं. घायलों को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. वहीं पुलिस मर्ग कायम कर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है. इस भीषण सड़क हादसे से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम की स्थिति बन गई. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रास्ते को बहाल करवाया.

### सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 से

**नई दिल्ली, 15 फरवरी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरफ से कल से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू की जाने वाली हैं। सीबीएसई कक्षा 12 के छात्र पहले दिन उद्यमिता, कोकबोरोक, पूंजी बाजार संचालन और शारीरिक गतिविधि प्रशिक्षक परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे। वहीं, कक्षा 10 के छात्र पहले दिन चित्रकला में गुरुंग, राय, तमांग और शेरपा की परीक्षा देंगे। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में करीब 35 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। विदेशों में सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूल होने की वजह से यह परीक्षा वहां भी आयोजित की जाती है। सीबीएसई ने छात्रों और अभिभावकों को पेपर लीक के संबंध में फर्जी खबरों और सूचनाओं के प्रति भी सचेत किया है। बोर्ड ने कहा छात्रों को सोशल मीडिया पर चल रही ऐसी फर्जी खबरों या प्रश्न पत्रों के वीडियो/फोटो पर विश्वास नहीं करना चाहिए। स्टूडेंट्स को सेंटर पर हॉल टिकट और अपने स्कूल का आईकार्ड लेकर जाना होगा। परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी और स्टूडेंट्स को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 45 मिनट पहले सुबह 9-45 बजे तक केंद्र पर पहुंचना होगा।

### चाइनीज मांझा से कटा गला

**सहारनपुर, 15 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के कुतुबशेर थाना क्षेत्र में चीनी मांझा (पतंग की डोरी) से गला कटने के बाद 38 साल के एक शख्स की जान चली गई। चीनी मांझा पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले धागे में लगाया जाता है। इसमें कांच की कोटिंग का इस्तेमाल होता है, जो कई बार इंसानों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 2017 में कांच की परत वाली पतंगों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। मृतक की पहचान अतुल शर्मा के रूप में हुई है। शहर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को बताया कि बुधवार शाम को कुतुबशेर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति के बारे में कॉल आई थी, जो शारदा नगर फ्लाईओवर पर एक तार से घायल हो गया था।

एएसपी ने कहा, 'घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अतुल शर्मा घर से अपनी मोटरसाइकिल से सामना लेने बाजार जा रहा था और जब वह शारदा नगर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो एक तार उसके गले में फंस गया।पुलिस ने कहा कि जिले में चाइनीज मांझे की छापामारी की जा रही। अब तक पुलिस ने छह दुकानदारों अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के 52 बंडलों के जब्त किया गया है।

# चुनावी बॉन्ड असंवैधानिक

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, चंदे का हिसाब होगा सार्वजनिक

**नई दिल्ली, 15 फरवरी।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरेल बॉन्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार देते हुए इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि इलेक्टोरेल बॉन्ड स्कीम सूचना के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। वोटर्स को पार्टियों की फंडिंग जानने का अधिकार है। कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी सार्वजनिक किए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सभी पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग को 13 मार्च तक यह जानकारी अपनी वेबसाइट में प्रकाशित करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने कहा कि सरकार ने दानदाताओं की गोपनीयता रखना जरूरी बताया। लेकिन हम इससे सहमत नहीं हैं।

इलेक्टोरेल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स सहित चार याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी। इन याचिकाओं में चुनावी बॉन्ड की वैधतो पर सवाल उठाया गया था। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि चुनावी बॉन्ड ने राजनीतिक दलों की फंडिंग को बहुत ज्यादा प्रभावित किया है। इसके साथ ही लोगों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन भी किया गया है। इस मामले में कोर्ट ने पिछले साल 31 अक्टूबर से सुनवाई शुरु की थी और नवंबर महीने में फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्र सरकार ने साल 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना की शुरुआत की थी। इसे लागू करने के पीछे बताया गया था कि इससे राजनीतिक दलों को मिलने वाली फंडिंग में पारदर्शिता आएगी। चुनावी बॉन्ड स्टेट बैंक की 29 शाखाओं में मिलता था। ये शाखाएं नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर, चंडीगढ़, पटना, रांची, गुवाहाटी, भोपाल, जयपुर और बेंगलुरु की थीं। इसके जरिए कोई भी नागरिक, कंपनी या संस्था किसी पार्टी को चंदा दे सकती थी। ये बॉन्ड 1000, 10 हजार, 1 लाख और 1 करोड़ रुपये तक के हो सकते थे।



### कांग्रेस ने किया स्वागत

कांग्रेस ने गुरुवार को चुनावी बांड योजना को रद्द करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह नोटों पर वोट की शक्ति को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, लंबे समय से प्रतीक्षित फैसला बेहद स्वागत योग्य है और यह नोटों पर वोट की ताकत को मजबूत करेगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना की लॉन्चिंग के दिन कांग्रेस पार्टी ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने 2019 के घोषणापत्र में मोदी सरकार की संदिग्ध योजना को खत्म करने का वादा किया। हम आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं, जिसने मोदी सरकार की इस काला धन रूपांतरण योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया है।

### भाजपा ने बनाया था कमीशन का जरिया: राहुल

चुनावी बॉन्ड को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। वायनाड सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाए हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का जरिया बनाया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया है। साथ ही इसे असंवैधानिक करार दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा, नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है।

### चुनावी बॉन्ड स्कीम क्या है...

- 2 जनवरी, 2018 में केंद्र सरकार चुनावी बॉन्ड योजना लेकर आई थी.
- चुनाव बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को चंदा दिया जाता है.
- कोई भी भारतीय नागरिक या कंपनी-कारोबारी-कॉरपोरेशन चुनावी बॉन्ड खरीद सकते हैं.
- योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को बनाया है. यही बैंक धन जारी करता है. स्बद्ध की अधिकृत ब्रांच से चुनावी बॉन्ड खरीदने की व्यवस्था की गई.
- 1 हजार, 10 हजार, एक लाख, 10 लाख और एक करोड़ मूल्यों के बॉन्ड खरीद सकते हैं.
- राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड जारी होने से 15 दिन के भीतर इनकैश कराना होता है.
- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा देने वाले डोनर का नाम और अन्य जानकारी दर्ज नहीं की जाती थी. इस प्रकार दानकर्ता गोपनीय हो जाता था.
- किसी व्यक्ति या कंपनी की तरफ से खरीदे जाने वाले चुनावी बॉन्ड की संख्या पर कोई लिमिट तय नहीं थी. जिस पार्टी को चंदा देना होता था, उसके नाम से बॉन्ड को खरीदा जाता था और वो पैसा संबंधित राजनीतिक पार्टी को मुहैया करा दिया जाता था.
- कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉण्ड खरीद सकता था. जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल चुनावी बॉण्ड स्वीकार करने के पात्र थे.

# व्यासजी तहखाने मामले की सुनवाई पूरी

**इलाहाबाद, 15 फरवरी।** हाईकोर्ट ने व्यास तहखाना (मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा की अनुमति देने वाले वाराणसी कोर्ट के 21 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील पर सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। हालांकि अदालत ने आज फैसला नहीं सुनाया है. कोर्ट ने अपना फैसला रिजर्व कर लिया है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यासी बोर्ड की ओर से पेश हुए। अधिवक्ता वैद्यनाथन ने कोर्ट से कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी भाग में एक तहखाना (व्यास तहखाना) है जिसमें 1993 तक हिंदू देवताओं की पूजा की जाती थी। आदेश 40 नियम 1 सीपीसी के तहत, वाराणसी कोर्ट ने एक रिसीवर (डीएम) नियुक्त किया था। इससे मुस्लिम-अपीलकर्ताओं के अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि उन्होंने कभी भी तहखाना में नमाज नहीं पढ़ी। यदि पूजा 1993 तक जारी रही, तो कोई रोक नहीं है कि अब पूजा नहीं की जा सकती। वाराणसीकोर्ट का डीएम को रिसीवर नियुक्त करने और व्यास तहखाना के अंदर पूजा की अनुमति देने का आदेश अनुचित नहीं है। अधिवक्ता ने कहा कि जब डीएम को व्यास तहख़ाना के दक्षिणी तहखाने का रिसीवर नियुक्त किया गया, तो वह न्यायालय के प्रति जवाबदेह थे और उन्हें न्यायालय के आदेशों का पालन करना था। ज्ञानवापी मस्जिद कमिटी की तरफ से वरिष्ठ वकील एसएफए नकवी ने जिरह की जिम्मेदारी संभाली। नकवी ने कहा कि धारा 151, 152 सीपीसी मेरे मित्र ने भी संबोधित किया है और दोबारा संबोधित करना उचित नहीं है। रिसीवर के रूप में डीएम की नियुक्ति। यह वास्तव में हितों का टकराव पैदा कर रहा है। न्यासी बोर्ड की समिति का सदस्य होने के नाते डीएम जिले के राजस्व धारक के रूप में भी कार्य करता है। डीएम और पदेन सदस्य होने के नाते हितों का टकराव है। जिला न्यायाधीश द्वारा एक महत्वपूर्ण त्रुटि हुई है। एक बार जब प्रतिवादी नंबर 2 (ट्रस्ट) को अलग से नियंत्रित करने वाला एक कानून है, तो उसे यह मानना ??चाहिए कि डीएम ट्रस्टी बोर्ड का एक हिस्सा हैं। वह कुछ चीजों को सुविधाजनक बनाना चाहते हैं, इसलिए यह आदेश पारित किया गया। नकवी ने कहा कि दस्तावेज़ों में किसी तहखाने या ऐसी किसी चीज़ का जिक्र नहीं है। संबंधित दस्तावेजों में किसी स्थान पर स्थित संपत्ति का सामान्य विवरण दिया गया है। नकवी ने पंडित चंद्रनाथ व्यास के वसीयत दस्तावेज का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस दस्तावेज़ में संपत्ति का कुछ विवरण दिया गया है, लेकिन सब कुछ नहीं। वो शैलेन्द्र कुमार पाठक और जीतेन्द्र कुमार पाठक तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा निष्पादित दस्तावेज लगा रहे हैं। व्यास परिवार और काशी विश्वनाथ बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के बीच निष्पादित विलेख में हालांकि संपत्ति का विवरण दिया गया है, यह भ्रमित

# रीपा योजना में गड़बड़ी का मामला सदन में गूंजा

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की जांच की घोषणा, मुख्य सचिव की कमेटी करेगी जांच

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 15 फरवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में ग्रामीण औद्योगिकी पार्क (रीपा) में हुई अनियमितता की जांच मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति से कराने की घोषणा की। विधानसभा में आज धरमलाल कौशिक ने रीपा केंद्रों में विजन डाक्यूमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, सर्वे सहित अन्य कार्यों में किए गए भुगतान की जानकारी मांगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 300 रीपा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें वर्ष 2023-24 में 44175 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया जिसमें 26001 लाख का भुगतान किया गया। पूरक प्रश्न के माध्यम से अजय चंद्राकर, धर्मजीत सहित अन्य विधायकों ने रीपा में हुए खर्चों का विवरण मांगा। धर्मजीत सिंह ने कहा कि अधिकारियों ने सरपंचों को फंसा दिया है। यदि भविष्य में कोई सरपंच मरता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। धरमलाल कौशिक ने कहा कि सिर्फ प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में ही 80 लाख खर्च कर दिए गए। अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि इसकी पूरी जानकारी लेकर सदन को दे दी जाए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तकरार हुई। अंततः विजय शर्मा ने रीपा में हुई अनियमितता की जांच मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कराए जाने की घोषणा की। भाजपा के धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह सहित अन्य सदस्यों द्वारा इसकी समय सीमा निर्धारित किए जाने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि तीन महीने के अंदर इसकी जांच करा ली जाएगी।

ग्रामीण औद्योगिक पार्क में गड़बड़ी की मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी जांच करेगी. इसके साथ ही एजी रीपा का ऑडिट करेंगे. इस संबंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में ऐलान किया. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने सदन में ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का मामला उठाते हुए सवाल किया कि रीपा के लिए किस-किस मद से राशि दी गई? पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 2021-22 के लिए 441 करोड़ का बजट स्वीकृत था. 260 करोड़ का भुगतान हुआ है. बाक़ी राशि शेष है. डीएमएफ सहित कई मदों से राशि दी गई है.

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि रीपा के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया. दंतेवाड़ा के एक रीपा के लिए 90 लाख रुपए की ख़रीदी की गई. सरपंचों से ज़बरदस्ती दस्तख़त करवा लिया गया. मंत्री और अधिकारियों को जानकारी नहीं है. पूरे रीपा में छह सौ करोड़ की गड़बड़ी है. क्या मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच की जाएगी? जो 300 रीपा बनाया गया है, उसका भौतिक सत्यापन किया गया है या नहीं?

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि रीपा के लिए डीएमएफ, रूर्बन मिशन और एसबीएम जैसे मदों से भी पैसा दिया गया है. इस मामले का उपाय सिर्फ़ इसकी जांच ही हो सकती है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भौतिक सत्यापन की जहां तक बात है, मैंने ख़ुद कई रीपा का जायज़ा लिया है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सरपंचों पर दबाव डालकर दस्तख़त कराए गए. कई सरपंचों को भुगतान नहीं हुआ है. सरपंच किसी भी दिन आत्महत्या कर सकते हैं. सरकार बदलने से सरपंचों के भुगतान पर संशय की स्थिति है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस मामले में सरकार का बहुत पैसा लग गया है. इसके फ़ाइनेंशियल पहलू की भी जांच की जाएगी.

# उप मुख्यमंत्री ने सदन में माना पुलिसकर्मियों को कम मिल रहा भत्ता

- विधानसभा में उठा पुलिस जवानों को सुविधाओं का मुद्दा
- स्पीकर ने की महिला विधायक की तारीफ

**रायपुर, 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पुलिस जवानों को मिलने वाले वेतन भत्ते और सुविधाओं के सवाल उठे। विधायक चातुरी नन्द ने गृहमंत्री विजय शर्मा से पुलिस जवानों को मिलने वाले वेतन भत्ता सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के मुद्दे पर सवाल उठाया। वहीं कवासी लखमा ने बस्तर में पोस्टेड पुलिस जवानों के लिए आवास बनाने की मुद्दा उठाया।

विधानसभा में उठे इन सवालों पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने चिंता जतायी। उन्होने साफ किया कि आज पुलिस जवानों को जो वर्दी धुलाई भत्ता सहित पौष्टिक आहार भत्ता दिया जाता है, वह उपयुक्त नही है। गृहमंत्री ने बताया कि 10-10 सालों से पुलिस जवानों के भत्ते नही बढ़े है। जिस पर समिति बनाकर जल्द ही पुनरीक्षण कर इसमें सुधार किया जायेगा। वहीं सवाल जवाब के दौरान धर्मजीत सिंह ने भी पुलिस जवानों के पौष्टिक आहार के लिए मिलने वाले भत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान विधायक कवासी लखमा ने बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस जवानों के अवास पर चिंता जताते हुए सवाल उठाया। कवासी लखमा के इस सवाल का गृहमंत्री विजय शर्मा जवाब देते, इसी बीच विधायक अजय चंद्राकर ने कटाक्ष करते हुए कह दिया कि आप कब से पुलिस के पक्ष में आ गये। अजय चंद्राकर के इस हस्तक्षेप पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने हस्तक्षेप कर शांत कराया गया।

# बाघ की मौत मामले की नहीं होगी अतिरिक्त जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 15 फरवरी।** गोमर्डा अभयारण्य में बाघ की मौत पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार का ध्यानाकर्षण कराया. इसके साथ ही विधायकों की कमेटी बनाकर जांच की मांग की. वन मंत्री केदार कश्यप ने न्यायिक जांच का हवाला देते हुए अतिरिक्त जांच का ऐलान करने से इंकार किया. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सदस्य गोमार्डा अभयारण्य के अंदर युवा बाघ को करंट से मारे जाने पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया. उन्होंने कहा कि बाघों के संरक्षण पर वन विभाग करोड़ों रुपए खर्च करता है, बावजूद इसके बाघों की संख्या घटती जा रही है. प्रतिदिन बाघ करंट से मारे ही जा रहे है. इससे राज्य की छवि धूमिल हुई है, लेकिन राज्य की तरफ से अभी भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है. वन मंत्री ने कहा कि यह सत्य है कि सारंगढ़ अभयारण्य में लगातार नजर रखे जाने के बावजूद यह घटना हुई. लगातार ट्रेकिंग और मॉनिटरिंग की वजह से घटना प्रकाश में आई है. मृत्यु के 10 दिन के अंदर ही आरोपियों को पकड़कर उन पर कार्यवाही भी की गई है. भविष्य में आगे ऐसा न हो इसके लिए योजना भी बनाई गई है. प्रतिदिन बिजली के खंभों की पूरी चेकिंग समय-समय पर की जा रही है.



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है कि बाघ की मृत्यु हुई है. इस बात के लिए मैं उन्हें धन्यवाद करता हूं. लेकिन इन्हें कितने दिन बाद पता लगा कि बाघ मर चुका है. इस पर वन मंत्री ने कहा कि नवंबर के अंत के समय में बाघ आया था, जिसके बाद जनवरी के मध्य से बाघ दिखना बंद हुआ. ट्रेकिंग लगातार हो रही थी, जिसके माध्यम से हमें यह जानकारी मिली और विभाग भी तत्काल सक्रिय हो गया. यह बाघ ओडिशा से आया था, जानकारी मिलते ही इस पर कार्य भी त्वरित रूप से किया गया था. जंगली सूअर को रोकने के लिए तार बिजली के बिछाए गए थे, जिसमें बाघ फंस गया.नेताप्रतिपक्ष ने कहा कि किस तारीख से ट्रेकिंग हुई, किस तारीख से बाघ दिखना बंद हुआ? इस पर वन मंत्री ने कहा कि हमने लगातार ट्रेकिंग की है. आपको डे वाइस भी बता देंगे ट्रेकिंग का पूरा अपडेट. नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि ये कौन-कौन से अधिकारी थे, जिन्होंने जानबूझकर लापरवाही की है?

# अरपा भैंसाझार परियोजना के नहर निर्माण में फर्जीवाड़ा

## दोषी अफसरों पर जल्द होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 15 फरवरी।** अरपा भैंसाझार परियोजना के नहर निर्माण में फर्जीवाड़ा फूटा है। पूर्व स्पीकर व विधायक धरमलाल कौशिक के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री ने सदन के सामने जांच रिपोर्ट पेश कर दी है। कोटा के तत्कालीन एसडीएम व भूअर्जन अधिकारी आनंदरूप तिवारी सहित नौ राजस्व व जल संसाधन विभाग के अफसर दोषी पाए गए हैं। अब जल्द ही इनके खिलाफ कार्रवाई होगी।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने तत्कालीन सरकार के चलते अरपा भैंसाझार परियोजना में हुए अनियमितता पर सवाल उठाया है और दोषियों का पर्दाफाश किया है। विधायक कौशिक ने कहा कि अरपा भैंसाझार परियोजना के निर्माण नहरों में जो अनियमितता हुई है इस पर राजस्व मंत्री से पिछले सत्र में भी व इस सत्र में भी प्रश्नकाल के दौरान सवाल पूछा गया है। अरपा भैंसाझार परियोजना में भारी अनियमितता पायी गई है। इस बात को राजस्व मंत्री द्वारा स्वीकार भी किया गया है। जिनका जमीन अधिग्रहण किया गया है उसमें नहर का निर्माण नहीं हुआ है और जिनके जमीनों का अधिग्रहण नहीं किया गया उनके जमीन में नहरों का निर्माण हुआ है। इसकी जांच कमेटी भी बनी। बिलासपुर कलेक्टर के द्वारा गड़बड़ियों की जांच के लिए छह सदस्यों की जांच कमेटी बनाई गयी थी।जांच कमेटी ने 23 फरवरी 2023 को कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप दी थी। जांच में दोषी पाए गए अधिकारी व कर्मचारियों की सूची भी पेश की गई है। सूची सौंपने के साथ ही कमेटी ने कार्रवाई की अनुशंसा भी की है। जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि 10 खसरा नंबर की 3.42 एकड़ जमीन का फर्जी तरीके से अधिग्रहण किया गया है। इसके एवज में भूमि स्वामियों को 10 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। ये ऐसी जमीन है जहां पर नहर का निर्माण ही नहीं किया गया है। ऐसा कर अफसरों ने बड़ी गड़बड़ी की है और भूमि स्वामियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। हम इस अनियमितता के मामले को लेकर लगतार जो सवाल उठा रहें थे उसका आज अंतिम जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत हो गया है और दोषियों का पर्दाफाश हो चुका है। अब जिनके साथ अन्याय हो रहा है उन्हें अब न्याय मिलेगा। कुल 10 दोषी आधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023' इस बार उत्तर पूर्व के राज्यों में

jasclaudius@gmail.com

# प्रतिदिन मिले परिणाम के साथ इवेंट की जानकारी

जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जमीनी स्तर से खेल प्रतिभाओं को चुनकर उन्हें प्रशिक्षित करने राष्ट्र से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धाओं में पदक जीतने योग्य बनाने की महत्वपूर्ण कार्यक्रम को खेलो इंडिया नाम दिया गया है। 2014 में सत्ता में आते ही खिलाड़ियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुवात की। पिछले 45 वर्षों से खेल पत्रकारिता में अपनी सेवाएं देने के पश्चात पीछे मुड़कर देखने या फिर 2014 से पहले आजादी तक के समय का मूल्यांकन करने पर स्पष्ट है कि खेलकूद को किसी अन्य प्रधानमंत्री से इतनी गंभीरता से नहीं लिया जितना वर्तमान में नरेन्द्र मोदी ले रहे हैं। केंद्रीय खेल विभाग में आमूलचूल परिवर्तन की उनकी चाहत ने भारत के ओलंपियन निशानेबाज राज्यवर्द्धन सिंह राठौर को भारत का खेल मंत्री बनवाया फिर राठौर के कार्यकाल में 2017-18 में खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुवात हुई ठीक इसी घड़ी से भारतीय खिलाड़ियों की चमक देश-विदेश में होने लगी। प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, मैदान को बनाने वालों आदि को प्रोत्साहन व सम्मान मिलने लगा और ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व खेलों तथा महाद्वीपीय खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की उपस्थिति का नया अध्याय आरंभ हुआ। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया पेरालिंपिक गेम्स, खेलो इंडिया बीच गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स की शुरुवात हुई। इसका असर दिखना शुरू हो गया है। प्रत्येक वर्ष 1000 खिलाड़ियों को अगले पांच वर्ष तक छात्रवृत्ति दिये जाने की घोषणा ने रूप धारण कर लिया है। 2013-14 में सिर्फ खेलकूद पर करीब 700 करोड़ खर्च करती थी वह अब बढ़कर 23-24 में करीब 2300 करोड़ हो चुकी है। अर्थात् पिछले दस वर्षों में तीन गुना की बढ़ोतरी हो चुकी है। इतना सब कुछ इसलिए ताकि भारत की जनता खेल के महत्व को समझे और एक दूसरे को खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करे। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में बेहद सजग है परंतु आज विज्ञापन व प्रदर्शन का जमाना है। खेलो इंडिया के अंतर्गत होने वाले सभी आयोजनों की डीडी स्पोर्टस के द्वारा सीधा प्रसारण किया जाता है। और यू-ट्यूब में भी प्रसारण की सुविधा है। लेकिन जानकारी आम जनता को नहीं होती है। मैच की सिलसिलेवार जानकारी सिर्फ खिलाड़ियों, आयोजनकर्ताओं को मालूम होने से कुछ नहीं होता जब डीडी स्पोर्ट्स पर इस तरह की प्रतियोगिता दिखाई जा रही है तो उसके प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी डीडी स्पोर्ट्स के संबंधित अधिकारियों की है। डीडी स्पोर्ट्स के जिन अधिकारियों की ड्यूटी टूर्नामेंट के दौरान फील्ड में लगाई जाती है वे वरिष्ठ व अनुभवी होते हैं और सिर्फ सैर सपाटे के लिए आयोजन स्थल नहीं जाते हैं। जब केंद्र सरकार के माध्यम से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है तो डीडी स्पोर्ट्स और दूरदर्शन के सिर्फ विभिन्न चैनल में किसी खेलो इंडिया चैंपियनशिप के आयोजन की जानकारी देना न्यायोचित नहीं है। परिणाम व इवेंट की जानकारी देना भी जरूरी है इसके लिए प्रिंट मीडिया की भी मदद लेनी चाहिए। जिस तरह ओलंपिक, एशियाई, कामनवेल्थ अन्य अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सम्पन्न होने वाले या सम्पन्न हो चुके इवेंट की जानकारी प्रिंट मीडिया व अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया में तत्काल दी जाती है वैसी ही व्यवस्था खेलो इंडिया चैंपियनशिप के प्रतिदिन परिणाम का होना चाहिए। निजी सूचना एजेंसी या राज्य की स्थानीय जनसंपर्क विभाग अपनी भूमिका तो निभाती है परंतु सही परिणाम तुरंत ही सीधे प्रसारण से डीडी स्पोर्ट्स के अधिकारियों को प्राप्त हो जाती है अतः जब प्रधानमंत्री स्वयं खेलो इंडिया जैसे चैंपियनशिप के प्रसारण के लिए एक बड़ी राशि स्वीकृत कर रहे हैं तब प्रतियोगिता को लोकप्रिय बनाने क्षेत्र/स्थल में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तैनात अधिकारियों को करना चाहिए। आम तौर पर यह देखा गया है कि अधिकारी ऐसी जानकारी को एकत्र करके प्रसारित करने के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं अतः स्पष्ट है कि डीडी स्पोर्ट्स के प्रसारण से जुड़े अधिकारियों को सतर्क व सजग होना चाहिए।

## रायबरेली की जनता को सोनिया गांधी ने लिखा पत्र

# आपके बिना दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा है

**नई दिल्ली, 15 फरवरी।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए आज घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। गांधी ने बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लडूंगी। इस फैसले के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा करने का मौका तो नहीं मिलेगा, लेकिन निश्चित तौर पर मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी।

रायबरेली की जनता को लिखे भावुक पत्र में सोनिया ने कहा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर - आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह - नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गाँधी जी को यहाँ से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गाँधी जी को आपने अपना बना लिया।

## एक नजर

### कोर्ट ने एसपी,टीआई के खिलाफ फैसना सुनाया



**भिलाई, 15 फरवरी।** भिलाई छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक मामले में दुर्ग के तात्कालिक एसपी महिला थाना टीआई और एक उपनिरीक्षक के खिलाफ फैसला सुनाते हुऐ एक लाख रूपये का अर्थदंड का फैसला सुनाया है ये फैसला इसलिए दिया गया है क्योंकि 41 ए के मामले में पुलिस ने ठीक तरह से इस कानूनी कार्यवाही का परिपालन नहीं किया है भिलाई निवासी पुलिस परिवार के सदस्य याचिकाकर्ता दीपक त्रिपाठी ने उच्च न्यायालय में जुलाई 2021 में एक परिवाद दायर किया था जिसमे उसने 41 ॱ का पालन दुर्ग पुलिस द्वारा नही किए जाने का उल्लेख किया हैदीपक त्रिपाठी पर भिलाई के महिला थाना में 498 का अपराध दर्ज किया गया था लेकिन बिना किसी नोटिस के उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई नहीं किए जाने से पीड़ित पक्ष दीपक त्रिपाठी ने याचिका लगाई थी जिस पर न्यायालय द्वारा पुलिस विभाग के तीन अधिकारीयों के खिलाफ एक लाख़ रुपए का दंड स्वरूप प्रार्थी दीपक त्रिपाठी को दिए जाने का आदेश दिया गया है न्यायालय में विचाराधीन इस मामले में आदेश के आने से पुलिस विभाग की किरकिरी हुई है ष्ट्रक्क्रष्ट की धारा 41ॱ के तहत अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ उन धाराओं के तहत शिकायत दर्ज है जिसमें सात साल से कम अवधि की सजा का प्रावधान है तो उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पहले पुलिस द्वारा उस उसे नोटिस भेजना अनिवार्य है उसके बाद ही उसकी गिरफ्तारी संभव है।

### बिजली तार चोर गिरोह पकड़ाया



**भिलाई, 15 फरवरी।** भिलाई बिजली तार चोरी करने वाले एक गिरोह को भिलाई-3 पुलिस ने पकड़ा है गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार हुए हैं आरोपियों की निशानदेही पर बिजली तार बरामद किया है वहीं खरीददार फरार कबाड़ी की पुलिस तलाश कर रही है भिलाई-3 टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि एस.ए. अली (59 वर्ष) निवासी 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र भिलाई 03 के द्वारा लिखित शिकायत दी थी कि 220.132 के. व्ही. उपकेंद्र एवं 132.33 के.व्ही. उपकेंद्र छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित के यार्ड में अंदर घुसकर उर्जीत लाइन में लगे कंट्रोल केबल को अज्ञात चोर 13 जनवरी से 26 जनवरी की रात पावर ट्रांसफार्मर एवं 220 के. व्ही फीड वे के स्पेयर सर्किट ब्रेकर कंट्रोल केबल करीब 20 मीटर व पावर ट्रांसफार्मर मेन सर्किट ब्रेकर के कंट्रोल केबल 25 मीटर वहीं पास में ही लगे 132.33 के.व्ही. उपकेंद्र छ.ग. स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड भिलाई 03 के 33 के.व्ही. आई.टी.आई. फीटर के सर्किट ब्रेकर के केबल 15 मीटर को अज्ञात चोर ने काटकर चोरी कर ले गये है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया फुटेज खंगाला,हुलिया के आधार पर दबोचे भिलाई - 3 टीआई ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया आज सूचना मिला कि कुछ व्यक्ति डबरापारा मंदिर के पास उपकेंद्र भिलाई 03 केबल तार चोरी करने वाले लड़के बैठे हैं पुलिस नहर पार डबरापारा मंदिर के पास पहुंचकर कुछ संदेही अरमान आलम ( 22 वर्ष ) निवासी जोन 3 खुर्सीपार एवं दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी कि केबल वायर से निकाले गये कुछ तांबा तार को मन्नु कबाड़ी के पास बिक्री करना एवं कुछ तांबा तार को अपने घर में छिपाकर रखना बताया ।

### कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर जान दी



**भिलाई, 15 फरवरी।** भिलाई कर्ज से परेशान बीएसपी कर्मचारी ने भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने उसकी स्कूटी से एक शराब की बोतल, एक शादी का कार्ड व कुछ अन्य सामान बरामद किया कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है घटना बताई जा रही है मृतक का नाम अरविंद प्रसाद (57) सेक्टर सात बताया गया है पुलिस के मुताबिक अरविंद प्रसाद बीएसपी कर्मी है। उसकें बड़े भाई की लड़की की शादी 24 व 25 फरवरी को है मृतक शादी की तैयारी में भी जुटा था परिजनों के हवाले से पुलिस ने बताया कि अरविंद बीते कुछ दिनों से काफी परेशान था। उसने कुछ लोगों से कर्ज ले रखा था वह कर्ज चुका नहीं पा रहा था कर्जदार रोज घर आ जाते थे इस बात से वह और परेशान रहने लगा यहां तक कि वह कर्जदारों से बचने के लिए पावर हाउस के किसी होटल में दो-दो दिन रुक जाता था वह बीते कुछ दिनों से अत्यधिक शराब सेवन करने लगा था परिजनों के मुताबिक मृतक भतीजी की शादी की तैयारी में भी जुटा था।

### निगम कमिश्नर ने किया सफाई कार्य का निरीक्षण



**भिलाई, 15 फरवरी।** भिलाई-03 चरौदा निगम के कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने 13 एवं 14 फरवरी को संपूर्ण निगम क्षेत्र में दैनिक होने वाली सफाई की वास्तविकता जानने भ्रमण किया। इस दौरान चरौदा हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर चरोदा बस्ती, चरौदा भाटापारा, पंचशील नगर, पदुम नगर तथा वसुंधरा नगर होते हुए भिलाई-03 मुख्य मार्केट का भी निगम कमिश्नर ने अवलोकन किया, साथ ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए । निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बीनू वर्मा ने इस दौरान उपस्थित रहकर प्रतिदिन की जाने वाली सफाई की प्रक्रिया के विषय में निगम आयुक्त को अवगत कराया साथ ही प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध निगम अमले द्वारा की जा रही ।

# मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में बीएसपी के डॉक्टरों ने लहराया परचम

**भिलाई, 15 फरवरी।** टाटा मुख्य अस्पताल जमशेदपुर में, 43 वां अखिल भारतीय इस्पात चिकित्सा अधिकारी सम्मेलन-2024 सम्मेलन का उद्घाटन, टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने किया। एयर वाइस मार्शल महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं-टाटा) डॉ. सुधीर राय ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया । इस वर्ष के वाद-विवाद सत्र में चिकित्सा प्रमुखों ने चिकित्सा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर वाद-विवाद किया। वाद-विवाद में भाग लेते हुए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ एम रविन्द्रनाथ ने सम्मेलन में ÷फार्मास्यूटिकल्स-वरदान या अभिशाप÷ शीर्षक पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। सीएमओ डॉ. प्रमोद बिनायके ने इस्पात कर्मचारियों के लिए सतत स्वास्थ्य विषय पर एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए, इस्पात कर्मचारियों में जीवन शैली की बीमारियों के विभिन्न पहलुओं और इससे जुड़ी रुग्णता को दूर करने के लिए, उठाए जाने वाले



कदमों पर प्रकाश डाला । एसीएमओ और रेडियोलॉजी के प्रमुख डॉ प्रतिभा इस्सर ने स्तन कैंसर - निदान के तौर-तरीके और उपचार नामक पैनल चर्चा में रेडियो-निदान के विशेषज्ञ के रूप में सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. गुरमीत सिंह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भविष्य की स्वास्थ्य देखभाल पर इसके प्रभाव विषय पर चर्चा की बहुत सराहना की गई। एसीएमओ डॉ. सुबोध साहा ने टीम की भागीदारी का प्रभावी ढंग से समन्वय किया और डॉ. सुकेश नायर द्वारा असामान्य रक्तस्राव - कौन, क्यों, कहाँ और कब विषय पर वार्ता की अध्यक्षता की। वरिष्ठ सलाहकार (एम एंड एचएस) डॉ. माला चौधरी ने ऑक्यूपेशनल हीट स्ट्रेस ङ्क एन इनविजिबल थ्रेट इम्पेक्टिंग स्टील वर्कर नामक शीर्षक पर, एक पेपर प्रस्तुत किया और ओएचएस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध मेने ने टीक्यूएम श्रेणी में इम्प्रूविंग वेटिंग टाइम फॉर ड्रेसिंग एट बर्न यूनिट - ए 6 सिग्मा अप्रोच शीर्षक पर अपना शोध प्रस्तुत किया और दूसरा पुरस्कार जीता। मुख्य सलाहकार डॉ. मनीष देवांगन ने इंग्विनल हर्निया की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पर, सर्जरी विभाग के वैज्ञानिक शोध कार्य को प्रस्तुत किया और उन्हें लॉन्ग पेपर पुरस्कार श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि डॉ. अमित अग्रवाल ने क्लैविपेक्टोरल फेशिया प्लेन ब्लॉक का उपयोग करके फैक्चर क्लैविकल के सर्जिकल प्रबंधन में एनेस्थीसिया विभाग के अनुभव को प्रस्तुत किया और उन्हें शॉर्ट पेपर श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विधान सरकार ने, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत, टीबी रोगियों को प्रदान की जाने वाली पोषण संबंधी सहायता के रोगियों को प्राप्त परिणाम पर प्रस्तुति दी। मेटास्टेसिस इन् ओरल कैविटी के विषयों पर वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पलाश तिवारी के एमबीबीएस पोस्टर को इस सम्मेलन में सराहना मिली। जबकि पीजी पोस्टर की श्रेणी में डिटरमिनेशन ऑफ पल्मोनरी हाइपरटेंशन इन पेशेंटस् विथ इंड स्टेज रिनल डिसिज विषय पर डिप्टी सीएमओ डॉ. संतोष नशीने की प्रस्तुति को

## राजधानी में राष्ट्रीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को :अगम अनंत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 फरवरी।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी रायपुर में राज टॉकीज के सामने स्थित ÷शहीद स्मारक भवन÷ में 18 फरवरी (रविवार) को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए राष्ट स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अपने भावी जीवनसाथी की तलाश में छ.ग.सहित कई प्रांतो से बड़ी संख्या में प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे, अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष के.पी. खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 18 फरवरी को प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही तीन विशेष काउंटर खुली रहेगी जहां अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ नवयुगल



प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला /पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी ।कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाई जा रही है जहां अनेकों विशेषज्ञो की टीम सभी आगंतुओं को परामर्श के साथ चिकित्सीय लाभ पहुंचाएंगे। कार्यक्रम स्थल में सभी के लिए चाय, नाश्ते व भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। परिचय सम्मेलन के दौरान समिति की शिक्षाविद महिलाएं दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाकर ज्यादा से ज्यादा रिश्ता कायम करवाने अपनी भूमिका निभाएंगी । कार्यक्रम पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की फोटो सहित बायोडाटा बंधन पत्रिका में प्रकाशित कर निःशुल्क आवंटित की जाएगी। उक्त जानकारी देते श्री अगमदास अनंत ने बताया कि हमारे ज़िले से भी सम्मेलन में समाज अभिवावक गण अपने बच्चे जो शादी योग्य युवक युवतियों को लेकर ज़रूर पहुँचे जिससे वर वधू के चयन में सुविधा हो सके ।

### सिंटर प्लांट-3 ने दैनिक उत्पादन में 20,000 टन का आंकड़ा किया पार



**भिलाई, 15 फरवरी।** उत्पादन में अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखते हुए, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 जो ब्लास्ट फर्नेस के लिए सिंटर का उत्पादन करती है ने 13 फरवरी को 20,000 टन दैनिक उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। सिंटर प्लांट-3 ने 5 जनवरी 2024 को दर्ज किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ 19,960 टन उत्पादन के आंकड़े को पार करते हुए, 13 फरवरी 2024 को अब तक का सर्वश्रेष्ठ 20,025 टन का दैनिक उत्पादन दर्ज किया। 13 फरवरी को सिंटर प्लांट-3 ने ए शिफ्ट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6,680 टन उत्पादन और सी शिफ्ट में सर्वश्रेष्ठ 6,640 टन उत्पादन दर्ज किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने सिंटर प्लांट-3 की पूरी टीम और सभी संबद्ध शॉप्स और विभागों को बधाई दी।



### उपयोगिताएं जोन के कर्मचारी, पाली तथा कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 15 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में उपयोगिताएं जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 14 फरवरी को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार जोशी ने की। अक्टूबर से दिसंबर 2023 तिमाही के लिए के पी कृष्णन, चीफ मास्टर ऑपरेटर सह तकनीशियन को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा अक्टूबर 2023 के लिए शैलेन्द्र कान्त सक्सेना, चीफ मास्टर तकनीशियन, नवंबर 2023 के लिए भुवन लाल सोरी, मास्टर ऑपरेटर सह तकनीशियन तथा दिसंबर 2023 माह के लिए अजय कुमार शर्मा, चार्जमैन सह वरिष्ठ तकनीशियन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**कवर्धा,15 फरवरी।** सुनील दोशी जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कबीरधाम एवं रघुनाथ योगी भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य ने कलेक्ट्रेट परिसर मे पार्किंग शुल्क बंद करवाने के विषय को लेकर कलेक्टर साहब से मुलाकात करके निवेदन किया क्योकि कलेक्ट्रेट आफिस मे बहुत सारे विभाग है जिनमे रोजाना सैकड़ो लोग कार्य हेतू आते है उनसे पार्किंग शुल्क लिया जाता है यह गरीब तबके के लोगो को भारी पड़ता है और एक ही कार्य के लिए कई बार कई दिन इन्हे ऑफिस में आना पड़ता है और हर बार इन्हे पार्किंग शुल्क देना पड़ता है इसलिए जनहित को देखते हुए कलेक्टर सर ने इस विषय को संज्ञान मे लेकर निराकरण का आश्वासन दिया ।

## पंचायत सचिवों का शासकीयकरण लोकसभा चुनाव से पहले किया जाए:साहू

**उतई, 15 फरवरी।** प्रदेश पँचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष व दुर्ग जिलाअध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू नेबताया कि पँचायत सचिव सचिव केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के हितग्राही मूलक योजनाओं को ग्राम के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुचाते है व हर योजना को सफल बनाते है पँचायत सचिव विगत 28 वर्षो से शासकीयकरण की मांग को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष अपनी पीड़ा रख रहे है। भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में पँचायत सचिवों के परिवीक्षावधि पश्चात शासकीयकरण शामिल है व मोदी जी के गारंटी में है जिसके कारण पँचायत सचिवों की शासकीयकरण लोकसभा चुनाव से पूर्व कराने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व माननीय पँचायत मंत्री श्री विजय शर्मा जी व सरकार पर पूर्ण भरोषा व



आश्वस्त है।ग्राम पंचायत में पँचायत सचिव 29 विभाग के 200 प्रकार के काम करते है अपने मूल विभाग के कार्य को करते हुए अन्य विभाग के कार्यो को भी सफलता पूर्वक करते है और सम्मान सम्बंधित विभाग को मिलता है वर्तमान में महिला बाल विकास के महतारी वन्दन योजना, खाद्य विभाग के राशनकार्ड नवीनीकरण, स्वास्थ विभाग के आयुष्मान कार्ड, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधानमंत्री आवास योजना, विभाग के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसे विभिन्न कार्यो को पँचायत सचिव शासकीयकरण की आस में बिना विरोध किए पूर्ण उत्साह के साथ कर रहे है व शासन से एक ही मांग है कि पँचायत सचिवों को परिवीक्षावधि पश्चात शासकीयकरण की सौगात देकर 28 वर्षो से पीड़ित पँचायत सचिवों को न्याय प्रदान करें।

## संयंत्र के युवा अधिकारियों के लिए दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 15 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी), सेक्टर -7 में 12 और 13 फरवरी को संयंत्र के युवा अधिकारियों के लिए रचनात्मकता और नवाचार बढ़ाने पर दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. ए के पंडा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं समापन समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने की7 इस दो दिवसीय सत्र में कुल 24 युवा कार्यपालकों ने भाग लिया7 कार्यक्रम का समन्वय पूर्व निदेशक शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं पूर्व कार्यपालक निदेशक सेल एस पी एस जग्गी द्वारा किया गया।

## नगर निगम भिलाई-चरौदा ने की चालानी कार्रवाई



**भिलाई, 15 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दैनिक सफाई अभियान के दौरान सर्विस रोड मुक्त रखने भी कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी से प्राप्त निर्देशानुसार निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। चरौदा हनुमान मंदिर चौक से डबरापारा भिलाई-3 तक दोनों तरफ सर्विस रोड पर डिसमेंटल, बिल्डिंग मटेरियल तथा अन्य समान के कारण आवाजाही प्रभावित होते देखे जाने पर निगम प्रशासन द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है। यहां बता दें कि कई स्थानो पर निकासी नाली के उपर बड़ी मात्रा में रेत, मूरम रखे जाने से नाली जाम होने की शिकायत मिलने पर दंडात्मक कार्यवाही की गई है, जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा। यह जानकारी निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बीनू वर्मा द्वारा प्रदान की गयी।

## रेड मार कर पोड़ी पुलिस ने जुआरियो को पकड़ा





**कवर्धा, 15 फरवरी।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला श्री उमा राठौर के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में पोड़ी पुलिस टीम द्वारा ओमप्रकाश धुर्वे पिता मोहन धुर्वे उम्र 30 वर्ष, अजब धुर्वे पिता कृपाल धुर्वे उम्र 45 वर्ष, रमेश मेरी पिता बंजू मेरी उम्र 39 वर्ष सभी निवासी ग्राम सिल्हटी जो गांव में आम जगह पर हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिन पर रेड कार्रवाई कर उक्त आरोपियों कब्जे से 52 पत्ती ताश की गड्डी एवम् 1130 रूपए को जप्त किया जाकर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है ।

## धनोरा में बाल व्यास तिलेन्द्र महराज का राम कथा 16 फरवरी से



उतई, 15 फरवरी। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा एवं समस्त ग्राम वासी के सहयोग से श्री राम कथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन 16 फरवरी से 24 फरवरी तक होने जा रहा है विगत 62 वर्षों से श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के एवं समस्त ग्राम वासी के सहयोग से माघी पूर्णिमा मेला के पर्व पर श्री मद्भागवत कथा का आयोजन निरंतर होते आ रहा है इस वर्ष भी श्रीराम कथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन किया गया है समस्त भक्तों एवं ग्रामीणजन की सहयोग से 16 फरवरी शुक्रवार दोपहर 2 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा गली भ्रमण श्री खिलेश यादव जस सम्राट के मंडली द्वारा किया जाएगा सभी माताओं बहन से अपिल है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कलश शोभायात्रा में शामिल होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठा ए शोभा यात्रा महावीर उद्यान से शुरू होकर बाजार चौक मेन गली शीतला पारा कर्मा मंदिर गौरा चौरा बंमलाई पारा गोल्डन चौक होते महावीर पहुंचेगा भक्तों द्वारा जयसीया राम एवं जय हनुमान के जयकारों के साथ पुरा गांव राममय रहे गा यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे जी एवं मनोज पटेल ने दी ।

## बसंत पंचमी पर स्कूल में पूजा की



**उतई, 15 फरवरी।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यालय में विराजित मां शारदा की पूजा अर्चना बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने सुबह से तैयारी में लगे रहे। पूजा में मुख्य यजमान के रूप में दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा प्राचार्य के आर सिन्हा पालक शिक्षक समिति के सदस्य प्रेमिस यदु सपत्निक विराजमान रहे । पूजन कार्य पंडित निलेश तिवारी ने पूरी विधि विधान के साथ मंत्रोउच्चारण एवं हवन के साथ संपन्न किया।इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं पूरे शाला परिवार मां शारदा से सद्बुद्धि सन्मार्ग और सत्कार्य में हमेशा प्रेरित करते रहे इस भाव से प्रार्थना कर अपनी मनोकामना प्रकट किए। पूजा संपन्न होने के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ-साथ महाभोग का भी आनंद लिए।

## पोड़ी पुलिस ने 10 वर्ष से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**कवर्धा, 15 फरवरी।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वारंटीयो की अधिक से अधिक पतासाजी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला श्री उमा राठौर के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में पोड़ी पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2014 से फरार राजू साहू उर्फ़ राजेश साहू पिता हंसू साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बघर्रा चौकी पोड़ी को पताशा जी कर गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार जेल दाखिल किया गया है

## एक नजर

### छुटभैये नेता कर रहे प्रताड़ितः हारुन

**छूरिया ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि



मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय जी ने छत्तीसगढ़ के एसपी, आईजी सम्मेलन में कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों में डर होनी चाहिए और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार अपराधियों के लिए कठोर हो और आम जनों के लिए उतना ही मधुर हो उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री, सट्टा जुआं जैसी सामाजिक बुराइयां समाज को अंदर से खोखला कर देती है। जब इसमें युवा प्रभावित होते हैं तो सर्वाधिक चिंताजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि यदि अपराधी गतिविधियों पर लगाम नहीं तो केवल संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक ही नहीं बल्कि टीआई? और अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

### कबड्डी प्रतियोगिता में आई 22 टीमें

**राजनांदगांव,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगगांव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व, थाना स्टाफ, कबड्डी संघ, थाना क्षेत्र के लगभग 18 सरपंचों एवम् ग्रामीणों के साथ आज दिनांक 14.02.2024 को पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण थाना गैंदाटोला में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के कुल 20 ग्रामों के 04 बालिकाओं के तथा 18 बालकों के कुल 22 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें बालिका वर्ग में ग्राम कोलिहालमती ने प्रथम स्थान तथा ग्राम दैहान ने द्वितीय स्थान एवं बालक वर्ग में ग्राम खुर्शीपार ने प्रथम, ग्राम धरमूटोला ने द्वितीय, ग्राम चिरचारीकला तृतीय व ग्राम बेलरगोंदी ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को 3000-3000 रूपये, उपविजेता टीम को 2000-2000 रूपये, तृतीय स्थान को 1000-1000 रूपये तथा चतुर्थ स्थान पाने वाले टीम को 500-500 रूपये का नगद पुरस्कार एवम् ट्रॉफी वितरण किया गया।

### दो ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त

**राजनांदगांव ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।**कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अधूरा एवं प्रारंभ नहीं करने पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेशर के ठेकेदार मे. दीपक शर्मा तथा छुरिया विकासखंड के ग्राम मातेखेड़ा, खोबा, मुंजालपाथरी, ठाकुरबांधा, चोरहाबंजारी तथा खुज्जी के ठेकेदार मे. अमिया इंटरप्राइजेस को सूचना देकर संबंधित अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता श्री समीर शर्मा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। ठेकेदार मे. दीपक शर्मा तथा ठेकेदार मे. अमिया इंटरप्राइजेस को अधूरा कार्य छोडने् और कार्य प्रारंभ नहीं पर पूर्व में कई बार नोटिस जारी किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों को गंभीरता से करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई थी।

### बसंत पंचमी पर 'छत्तीसगढ़ के भांचा राम' नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**रायपुर,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।**बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा समिति उरला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राम वन गमन पर केंद्रित छत्तीसगढ़ में भांचा राम, लोक नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। नृत्य नाटिका के लेखक



निर्देशक संगीतकार तथा गायक वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार रंगमंच अभिनेता डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा समिति उरला के आयोजन गण द्वारा हमें नृत्य नाटिका प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जिसमें छत्तीसगढ़ के भांचा राम नृत्य नाटिका की नैनाभीराम एवं मनोहरी प्रस्तुति की गई। उपस्थित दर्शक गण कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ के भांचा राम नृत्य नाटिका में कलाकार रहे श्री राकेश तिवारी, श्रीमती सविता तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, हेमलाल पटेल, विशाल वर्मा, लक्ष्मी, संत फरिकर, नीतीश यादव, अर्जुन मानिकपुरी डॉ. मोहन साहू, मनीष लदेर,कौशिक, रोहित साहू, संध्या, अनिल, सरिता,

# गौमाता की सेवा बहुत पुण्य का काम हैः राम विचार नेताम

**रायपुर, 15 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कृषि और पशुपालन मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज बसंत पंचमी के अवसर पर रावाभांठा के बंजारी मंदिर परिसर स्थित उज्जवला गौशाला में गौमाता की सेवा की। उन्होंने गौशाला के गायों को हरा घांस और चोकर व गुड़ के लड्डू खिलाएं। उन्होंने उज्जवला गौशाला समिति को गायों की सेवा के लिए 51 हजार रूपये की राशि दान में दी। कृषि मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर मंदिर में मां बंजारी की पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति के साथ ही प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। कृषि मंत्री श्री नेताम ने इस अवसर पर कहा कि गौमाता की सेवा करना बहुत पुण्य का



काम है गौमाता हमारी आस्था और आराध्य है। गौमाता दुःख-दर्द हरने वाली कल्याण करने वाली और भवसागर पार कराने वाली है। प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमरी सरकार को छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का अवसर दिया है। हम सब छत्तीसगढ़ महतारी और गौमाता की सेवा करेंगे। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि किसी भी स्थिति में गौ तस्करों और गौ माता की हत्या करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके ऊपर सख्ती से कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए गायों के तत्काल मरहम पट्टी व टीकाकरण करने के निर्देश भी विभाग के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर गौसेवा से जुड़े श्री रेवाराम चौहान सहित मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में बसंत पंचमी पारंपरिक तौर पर मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,15 फरवरी।** पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती पूजा अनुष्ठान का पारंपरिक आयोजन किया गया। महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष-06 में अधिष्ठाता, डॉ. तृप्ति नागरिया ने मां सरस्वती के आर्शिवचनों की मंगल कामना करते हुए एक पौराणिक कथा का उल्लेख किया, जिसका सार है कि जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए बुद्धि, धन और शक्ति तीनों की समानुपातिक आवश्यकता होती है। डॉ. अरविन्द नेरल ने लर्निंग इज अर्निंग के सिद्धांत को अंगीकृत



कर विद्यार्थियों को अपनी बुद्धि और जानकारियों को लगातार तेज धारदार करने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. वर्षा पांडेय, डॉ. दिवाकर धुरंधर, डॉ. प्रवीण कुर्रे, डॉ. अजय हलवाई और अनेक चिकित्सा शिक्षक उपस्थित थे। चिकित्सा छात्रों ने कठिन मेहनत से आकर्षक सजावट के साथ इस धार्मिक समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था की। अधिष्ठाता, डॉ. तृप्ति नागरिया और वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. अरविन्द नेरल ने मां सरस्वती की आकर्षक मूर्ति पर माल्यार्पण किया और अन्य चिकित्सा शिक्षकों के साथ सरस्वती वंदना की। इस अवसर पर



## मुख्यमंत्री साय से रामलला दर्शन योजना से जुड़े पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 15 फरवरी.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में श्री रामलला से जुड़े दर्शन योजना से जुड़े पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने रामलला दर्शन योजना के तहत रामभक्तों की टीम की रायपुर से रवानगी के समय मुख्यमंत्री श्री साय की उपस्थिति और राज्य शासन के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अभियान के संयोजक विधायक श्री धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में आए पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आगामी 6 मार्च को अयोध्या दर्शन के लिए अंबिकापुर से ट्रेन रवाना होने की जानकारी दी और उन्हें इस पावन अवसर पर शामिल होने का आमंत्रण दिया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के रेल्वे स्टेशन से अयोध्या स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस आस्था ट्रेन से छतीसगढ़ के 13 सौ से अधिक राम भक्त प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर सह संयोजक श्रीमती लक्ष्मी वर्मा सहित सदस्य डॉ ललित मखीजा, श्री वीरेन्द्र श्रीवास्तव, श्री रामलखन पैंकरा उपस्थित रहे।

# कौरिनभाठा जीवन कॉलोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग पर निगम ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव द्वारा भी निर्देश दिये गये है। नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, पूर्व में कौरिनभाठा, चिखली ,बर्फानी आश्रम,रेवाडीह, लखोली, नवांगॉव क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही की गयी तथा प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया था। कार्यवाही की कडी में आज कौरिनभाठा जीवन कॉलोनी के पीछे खसरा नं. 279/1 को श्रीमती विजया



पारख ध.प. श्री ज्ञानचंद पारख द्वारा अवैध प्लाटिंग करने जानकारी होते ही नगर निगम द्वारा आरसीसी नाली जेसीबी से तोडकर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में निगम सीमाक्षेत्र में बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भूःखण्डो पर क्रय विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव जी द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है, अवैध प्लाटिंग की जमीन का अधिग्रहण भी किया जायेगा तथा उनका पंजीयन निरस्त कराने पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कौरिनभाठा में जीवन कॉलोनी के पीछे खसरा नं. 279/1 को श्रीमती विजया पारख ध.प. श्री ज्ञानचंद पारख द्वारा बिना स्वीकृत अभिन्यास के टुकड़ों में विभाजित कर विक्रय किये जाने की तैयारी की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही निगम की टीम आरसीसी नाली तोड़ने की कार्यवाही की। उन्होने बताया कि, उक्त कॉलोनाईजर को पूर्व में छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग(2) के तहत नोटिस जारी किया गया था.

## प्रधान पाठक के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार ने दी विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,15 फरवरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा में विगत दिनों प्रधान पाठक चंदन सिंह भरतद्वाज के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार संकुल स्तरीय द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कि गया। समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को फुल माला के साथ भेंट स्वरूप रामायण गीता, छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र छाता, जूता सहित स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने बताया कि प्रधान पाठक चंदनसिंह भरतद्राज हमेशा बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद में आगे बढ़ने की नसीहत देते रहे उनके द्वारा शाला में किए गए अनुकरणीय व उल्लेखनीय कार्यों को हमेशा याद रखेगा। इस दौरान स्कूली बच्चों के आंखों में आंसू आ गए। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, ब्लॉक सहायक शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र रूसिया, पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, प्राचार्य धामनसरा अजय मसीह, सरपंच लोकेश गगवीर, पूर्व सरपंच पुनूराम पटेल, उपसरपंच कृतलाल पटेल, जीवराखन पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कृष्णा पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिक्षक संतोष देशमुख संतोष ठाकुर ओमप्रकाश साहू जीवन लाल बेलसरिया माधो उइके राजेश चौरसिया साकुरे सतीश गुप्ता नीतू चौरसिया उर्वशी चंदाकर बी एल साहू रोहित साहू उपस्थित रहा

# हेलमेट लगाने से बचाई जा सकती है अपनी जान

**राजनांदगांव ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 अंतर्गत आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बाईक रैली में शामिल होकर जनसामान्य को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का संदेश दिया। बाईक रैली कलेक्टोरेट से प्रारंभ होकर नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, सुरजन गली, कामठी लाईन, भारत माता चौक, आजाद चौक, चांदनी चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक पर समाप्त हुई। बाईक रैली में उत्साह के साथ सभी शामिल हुए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बाईक रैली में हेलमेट नहीं लगाओगे तो सुरक्षित घर कैसे जाओगे के संदेश के साथ नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नागरिकों से आव्हान किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है। अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों का पालन करें तथा सावधानी एवं सजगता के साथ वाहन चलायें।

# 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव,15 फरवरी। दिनांक 14.02.2024 को 34वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री संजय अग्रवाल जिलाधीश राजनांदगांव, अध्यक्ष श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, श्री त्रिलोक बंसल पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर पुलिस अधीक्षक पीटीएस राज0, जिला पंचायत अधिकारी सुरूचि सिंह, श्री राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज0, श्री विरेन्द्र सिंह अति.क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राज., श्री दिलीप सिंह सिसोदिया उपुअ पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, श्री हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक यातायात, पत्रकार बंधु व शहर के गणमान्य नागरिक गण एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ श्री विजय मानिकपुरी एवं सुरेश यादव के नुक्कड नाट्य के टीम द्वारा नुक्कड़ के माध्यम से यातायात जागरूकता के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह किया गया। इसी प्रकार माननीय मुख्य अतिथि द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों के प्रतियोगी स्कूल एवं कॉलेज के विजेता छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जो निम्नानुसार है- चित्रकला प्रतियोगिता ''ग्रुप ''अ'' कक्षा छठवी से आठवी तक प्रथम स्थान-अवनी गुंधर 8वी, युगान्तर पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान- राहुल विश्वास 8वी



युगान्तर पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान- श्रेया देवांगन, 8वी एनपीएस एवं कुमारी लोमेश भंडारी सरस्वती विद्या मंदिर (संयुक्त), ग्रुप ''बी''में नवमी से बारहवी प्रथम स्थान- काव्य देवांगन, 11वी गायत्री विद्यापीठ, द्वितीय स्थान- नेहल जैन 11वी युगान्तर पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान- मांगल्य शर्मा 10वी एनपीएस, स्लोगन प्रतियोगिता = ''ग्रुप ''अ'' प्रथम स्थान-पृष्टि देवांगन 7वी केन्द्रीय विद्यालय, द्वितीय स्थान- श्रेयती लारिया रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान- पारिधी जैन 8वी रायल किड्स कॉन्वेंट, ''ग्रुप ''ब'' प्रथम स्थान-काव्य देवांगन 11वी गायत्री विद्यापीठ, द्वितीय स्थान- चांदनी साहू 11वी रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान- सविता नायक 11वी, रायल किड्स कॉन्वेंट निबंध प्रतियोगिताः 'ग्रुप' 'अ' प्रथम स्थान-आराध्या तिवारी 8वी एनपीएस, द्वितीय स्थान-कुमकुम साहू 7वी गायत्री विद्यापीठ, तृतीय स्थान-शिवांश यदु 8वी एनपीएस, 'ग्रुप' 'ब' प्रथम स्थान-अंशिका त्रिपाठी 9वी एनपीएस, द्वितीय स्थान-साक्षी सिन्हा 11वी रायल किड्स कॉन्वेंट, तृतीय स्थान- सुधांशु चौधरी 9वी गायत्री विद्यापीठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष ''अ'' वर्ग प्रथम स्थान- शरन्या श्रीवास्तव रायल किड्स कॉन्वेंट, द्वितीय स्थान- हंशिका गौतम एनपीएस, तृतीय स्थान- रिद्धिमा चावड़ा दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष ''ब'' वर्ग प्रथम स्थान- हर्षिता साहू गायत्री विद्यापीठ.

## बसंत पंचमी पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण किया

**डोंगरगढ़ ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** बसंत पंचमी के अवसर पर शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूर वनांचल में कोलार घाट ( पंडरी घाट ) में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर महाप्रसादी का वितरण किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि कोलार घाट पंडरी घाट स्थित हनुमान मंदिर में लगभग 16 साल से ग्राम पंचायत बछेराभाटा ,चौथना, कोलारघाट ,खुर्सिपार



खुर्द , कौहापानी , भरीटोला के ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष बसंत पंचमी के दिन यहां मंदिर में मां सरस्वती व हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण किया जाता है । इसी कड़ी में इस साल भी बसंत पंचमी वाले दिन बड़ी संख्या मे ग्रामीणों ने सुबह से ही मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की और दोपहर में महाप्रसादी में हिस्सा लिया गया । जिसमें बछेराभाटा प्रधान पाठक महेंद्र दास साहू, चौथना सरपंच कन्हैया वर्मा, बछेराभाटा उपसरपंच नरेश वर्मा, कोलारघाट पंच पेमिन बाई ,रामविलास पटेल ,बिसेसर मरकाम ,ईश्वर नागपुरिया, नंदकिशोर भुवार्य, आँचल नेताम , झबुलाल साखरे सहित अन्य ग्रामवासियों ने सहयोग दिया ।

### तस्करी का आरोपी डोंगरगढ़ से गिरफ्तार

**डोंगरगढ़,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।**दिनांक 09.02.2024 के रात्रि 02.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए



देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भा.द.वि. की धारा 307,302,34,120क्छ. ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । अलग अलग स्थान से 06 आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है . मामले मे आरोपी घटना दिनाक से फरार था जो अपनी निगरानी मे ही डोंगरगढ़ क्षेत्र के आसपास गांव के कोचियो से पशु तस्करों को पशु उपलब्ध कराने का काम करता था आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक डोंगरगढ़ से चिचोला तक पार कराना बताया। पशु तस्करी के आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार टीम छापा मार रही थी जो मुखबिर सुचना पर आरोपी को डोंगरगढ़ से पकडे। आरोपी द्वारा घटना मे शामिल होना स्वीकार किया है आरोपी अजय उर्फ मनीष अंबादे पिता स्व0 सुखदास अंबादे उम्र 27 वर्ष साकिन कालकापारा, वार्ड नंश 09, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ को आज दिनांक 14.02.24 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल राजनांदगांव , थाना डोंगरगढ़ एवम थाना बागनदी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सीईओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**नगरी ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नवपदस्थ जिला




कीपंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव द्वारा जनमन के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर विभागीय अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, दिनांक 14.2.2024 को जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में बैठक लेकर जन-मन आवास प्रधानमंत्री आवास सहित समस्त निर्माण कार्य एन.आर.एल.एम स्वच्छ भारत मिशन,मनरेगा जी.पी.डी.पी एवं महतारी वंदन योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मैदानी अमले उपयंत्री एवं तकनीकी सहायकों को समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया, बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के ठाकुर जिला स्तर के प्रभारी श्री लझियाना, राकेश मिश्रा, जय वर्मा, सी.एस.ध्रुव सहायक विस्तार अधिकारी एस.के.बागडे आरएस नेताम वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपन अधिकारी आनंद साहू उपस्थित रहे।

### शिक्षकों को दिया गया मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण

**नगरी,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों



का शाला अवधि के दरमियान होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं से बचाने की पूरी जवाबदारी विद्यालय के शिक्षक की होती है और शिक्षक यह जवाबदारी तभी अच्छे से पूरा कर सकता है जब वह इसके लिए प्रशिक्षित हो । शिक्षक अगर प्रशिक्षित हो तो विद्यालय में होने वाली शॉर्ट सर्किट से आगजनी,सर्पदंश, बेहोश होकर गिर जाने पर,नाक से खून बहना,मिर्गी के दौरे आने पर प्राथमिक उपचार कर सकता है। उक्त बातें बिहार से पहुँचे डॉ.श्रवण कुमार ने प्रशिक्षण के दरमियान कही। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण में रायपुर संभाग के धमतरी,गरियाबंद,बलोदा बाजार,महासमुंद और रायपुर जिले के लगभग 100 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में डॉक्टर श्रवण कुमार के द्वारा आपातकाल स्थिति में सीपीआर कैसे दें,नाक से खून बहने पर उनको कैसे रोके,चक्कर खाकर गिरने पर तत्काल कैसे राहत कैसे पहुँचाये,गले मे कोई चीज़ फस जाने पर कैसे निकाले,भूकंप आने,बिजली गिरने पर क्या करे इन सभी बातों पर क्रियात्मक रूप से प्रशिक्षण दिया गया।नगरी के कैलाश सोन,ऋषिकेश साहू,अनूप ध्रुव,मनोज साहू,दुधेश्वर साहू एवं सुरेंद्र नेताम की टीम को बेस्ट एक्टिव ग्रुप वर्क के लिए पुरुस्कृत किया गया।

### मोर मकान-मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने 27 फरवरी तक निगम में दावा आपत्ति

**राजनांदगांव ,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्डीऊ लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहॉ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है, इन्ही आवासों में मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत निकाय क्षेत्र में निवासरत आवासहिन परिवार जो वर्षो से किरायेदार के रूप में निवास करते हुये अपने स्वयं के आवास का सपना देख रहे है, ऐसे परिवारो के लिये शासन की संवेदनशील पहल

## संपादकीय

## लोकसभा चुनाव के पहले किसान आंदोलन का मतलब?

कोई काम जब किसी खास समय पर किया जाता है तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह काम अभी ही क्यों किया जा रहा है, यह काम तो कभी भी किया जा सकता था। यह काम पहले क्यों नहीं किया गया और लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ही क्यों किया गया है। यह सवाल 13 फरवरी को शुरू हुए किसान आंदोलन को लेकर उठ रहे हैं। पहली बात पिछली बार की तरह इस बार भी किसान आंदोलन पूरे देश के किसान संगठनों का नहीं है। इस बार तो पिछली बार से कम संगठनों ने कुछ मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है और दिल्ली के लिए किसान संगठन निकल पड़े। सरकार के मंत्रियों ने उनसे बात कर कई मांगों पर सहमति बनाने की कोशिश की लेकिन किसान तो सरकार से बात करने से ज्यादा दिल्ली का घेराव करने को उत्सुक थे। आंदोलन की उनकी तैयारी व मांगों को देखते हुए तो लगता है कि उनकी दिलचस्पी मांगों को पूरा कराने से ज्यादा दिल्ली पर चढ़ाई करने में है, सरकार व पुलिस से टकराव में है। किसान संगठनों को मालूम है कि वह जिस तरह की तैयारी करके जा रहे है, उससे दिल्ली में पिछली बार की तरह अराजकता ही फैल सकती है। इसलिए पुलसि ने हरियाणा में ही उनको रोकरने का पूरा इंतजाम किया था। किसान संगठन जब दिल्ली की ओर रवाना हुए तो कल उनको हरियाणा के शंभू बार्डर पर ही रोक दिया गया। किसान संगठनों की पूरी तैयारी हर बाधा तो तोड़ते हुए आगे बढ़न की थी लेकिन दा दिन तो किसान संगठन पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को भेद नहीं सके। किसान संगठनों ने जैसी तैयारी की है, वैसी तैयारी तो देश के किसान संगठन कभी नही करते हैं। क्योंकि इस तरह की तैयारी में बहुत पैसा लगता है। इतना पैसा किसान संगठनों के पास होता नहीं है। आंदोलन में शामिल गाड़ियों व माडिफाइड ट्रैक्टर आदि को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि किसान संगठन आंदोलन करने नहीं कहीं हमला करने जा रहे हैं। उनका इरादा शांतिपूर्ण आंदोलन का है ही नहीं। उनको तो सरकार से पंगा लेना है। सरकार को बदनाम करना है, इसलिए उन्होंने जो बारह मांगे सरकार से की है। उनमें से ज्यादातर तो सरकार मान ही नहीं सकती। सरकार मानेगी नहीं तो आंदोलन जारी रखने का बहाना मिलेगा। यह आंदोलन लोकसभा चुनाव के पहले शुरू किया गया है तो पूरी संभावना है कि यह लोकसभा चुनाव तक तो चलेगा ही। किसान संगटन इसे लोकसभा चुनाव तक तो चलाएंगे ही ताकि देश में मोदी सरकार को किसान विरोधी बताकर चुनाव में नुकसान पहुंचाया जा सके। मोदी को सत्ता से हटाने के लिए जितनी साजिश देश के भीरत की जाती है, उससे कहीं ज्यादा साजिश देश के बाहर से की जाती है। यह किसान आंदोलन देश के बाहर के मोदी विरोधियों के पैसों से किया जा रहा है। पिछले किसान आंदोलन के लिए विदेश से फंडिंग हुई थी। इस बार पिछली बार के संगठनों को इस आंदोलन में बुलाया नहीं गया है, लगता है कि इस बार उन लोगों तक पैसा नहीं पहुंचा है। या पैसा आया है तो वह पंजाब के कुछ संगटनों ने आपस में ही बांट लिया है। यह किसान आंदोलन देश के किसानों का नहीं है, पंजाब के किसानों को है लेकिन मोदी विरोधी व विपक्ष इसे देश के किसानों का आंदोलन बता रहा है। सरकार यह बात जानती है। इसलिए उसन बात शुरू करने की कोशिश की और बातचीत को कोई हल नहीं निकला तो उसने गेंदे किसान संगठनों के पाले में डाल दी है कि हम तो बात करने को तैयार है, संगठनों की जब मर्जी हो वह बात करने आ जाए। राहुल गांधी को बीस साल हो गए हैं राजनीति करते लेकिन वह आज भी कुछ भी बोल देते हैं और बोलने से पहले सोचते नहीं है कि वह कहीं गलत तो नहीं बोल रहे हैं। इधर किसानों का आंदोलन शुरू हुआ और राहुल गांधी को पता नहीं किस बात की जल्दी थी कि बयान दे दिया कि हम किसानों के साथ हैं और इंडी सरकार बनी तो किसानों को हम एमएसपी की गारंटी देंगे। उन्हें पता ही नहीं है कि वह क्या कह रहे हैं। वह ज ो कह रहे हैं वह संभव है भी या नहीं। वह यह भी भूल गए हैं कि स्वामीनाथन की सिफारिशों का लागू करना इतना आसान होता तो कांग्रेस पहले ही लागू कर देती। लागू नहीं किया जा सकता था इसलिए कांग्रेस ने लागू नहीं किया और मोदी सरकार ने भी लागू नहीं किया। राहुल गांधी ऐसा कह कर फिर बड़ी गलती है, फिर साबित किया है कि उनका राजनीति करनी नहीं आती है। वह सोचते हैं कि महज घोषणा कर वह देश के भरोसे के नेता बन जाएंगे तो उनका याद करना चाहिए कि इससे बड़ी

# विश्व का एक अनूठा त्यौहार है मर्यादा महोत्सव

**मर्यादा महोत्सव**

**ललित गर्ग**



जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। इसी मर्यादा की सीख देने वाले धर्म, धर्मगुरु एवं धर्म-संगठन जिस तरह मर्यादाहीन होते जा रहे हैं, वह एक गंभीर स्थिति है। जबकि किसी भी धर्मगुरु, संगठन, संस्था या संघ की मजबूती का प्रमुख आधार है-मर्यादा। यह उसकी दीर्घजीविता एवं विश्वसनीयता का मूल रहस्य है। विश्व क्षितिज पर अनेक धर्म संघ, संप्रदाय, संस्थान उदय में आते हैं और काल की परतों तले दब जाते हैं। वही संगठन अपनी तेजस्विता निखार पाते हैं, जिनमें कुछ प्राणवत्ता हो, समाज के लिए कुछ कर पाने की क्षमता हो। बिना मर्यादा, संयम और अनुशासन के प्राणवत्ता टिक नहीं पाती, क्षमताएं चुक जाती हैं। मर्यादा धर्म संगठनों का त्राण है, प्राण है, जीवन रस है। अंधियारी निशा में उज्ज्वल दीपशिखा है। समंदर के अथाह प्रवाह में बहते जहाज के लिए रोशनी की मीनार है।

तेरापंथ धर्मसंघ एक प्राणवान संगठन है और उसमें मर्यादाओं का सर्वाधिक महत्व है। इसके आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु ने तत्कालीन समाज की दुर्दशा एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए मर्यादाओं का निर्माण किया। न केवल साधुओं के लिये बल्कि श्रावकों-श्रद्धालुओं के लिये भी नियम बनायें। सम्यक् श्रद्धा और आचार शुद्धि को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा बनाई। आचारनिष्ठा, विचार शुद्धि, संगठन की सुघड़ता एवं सुव्यवस्था ही उनका प्रमुख ध्येय था। धर्म-संगठन की सुदृढ़ता व चिरजीविता का रहस्य है इसकी मर्यादाएं। मर्यादाओं की सुदृढ़ प्राचीर में संघ की इमारत अपनी सुरक्षा व खूबसूरती को कायम रखे हुए है। तेरापंथ की मर्यादाओं के सन्दर्भ में कहा जाता है कि वह बिखराव को समेटती है, उच्छृंखलता को अंकुश देती है, समय का प्रबन्धन करती है, शक्तियों का सही दिशा में नियोजन करती है, जीवन को आत्मानुशासन से संवारती है।

तेरापंथ धर्मसंघ की एकता, संगठन, अनुशासन और मर्यादा का प्रतीक है-मर्यादा महोत्सव। पर्वों, उत्सवों एवं त्यौहारों की दुनिया में यह एक निराला त्यौहार है। विश्व भर में अनेक उत्सव, पर्व या कार्यक्रम मनाए जाते हैं। जन्म दिवस और निर्वाण दिवस के आयोजन होते हैं। पर मर्यादा महोत्सव मनाने की परंपरा तेरापंथ की अपनी मौलिकता है, विशेषता है। संघ की वैधानिक, संगठनात्मक और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का केंद्र है-मर्यादा महोत्सव। साधु-साध्वियों एवं समण-समणियों की सारणा-वारणा, सार-संभाल का समय है-यह महोत्सव। चातुर्मास की नियुक्ति व पूर्व वर्ष के सिंहावलोकन का काल है-इस उत्सव का समय। मर्यादा की धाराओं की पुर्नउच्चारण व पुनार्भिव्यक्ति का माध्यम है-मर्यादा महोत्सव।

मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव है। तेरापंथ की गतिविधियों का नाभि केंद्र है। मर्यादा महोत्सव का केन्द्रीय विराट आयोजन संघ के अधिशास्ता की पावन सन्निधि में समायोजित होता है। इस वर्ष आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 160वां मर्यादा महोत्सव वाशी (महाराष्ट्र) में 14-16 फरवरी, 2024 आयोजित हो रहा है, इसकी पृष्ठभूमि चातुर्मास की समाप्ति के साथ ही शुरू हो जाती है। प्रस्तुत वर्ष का मर्यादा महोत्सव कहां मनाना है यह घोषणा आचार्य प्रवर द्वारा काफी समय पहले ही हो जाती है। देश-विदेश में विहार और धर्म प्रचार करने वाले सैंकड़ों साधु-साध्वियां और समण-समणियां महोत्सव स्थल पर गुरु सन्निधि में पदयात्रा करते हुए पहुंच जाते हैं। गुरु दर्शन करते ही अग्रगण्य साधु-साध्वियां स्वयं के पद को और स्वयं को विलीन कर विराटता का अनुभव करते हैं।

मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का महाकुंभ मेला है। इसका आयोजन तीन दिवसीय होता है और इस अवधि में शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं। सब साधु-साध्वियां अपने वार्षिक कार्यक्रमों और उपलब्धियों का लिखित और मौखिक विवरण प्रतिवेदित करते हैं। श्रेष्ठ कार्यों के लिए गुरु द्वारा विशेष प्रोत्साहन मिलता है। कहीं किसी का प्रमाद, मर्यादा के अतिक्रमण का प्रसंग उपस्थित होता है तो उसका उचित प्रतिकार होता है। संघ की यह स्पष्ट नीति है कि किसी की कोई गलती हो जाए तो उसको न छुपाओ, न फैलाओ, किन्तु उसका सम्यक् परिमार्जन करो, प्रतिकार करो।

प्रकृति का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और मर्यादा को अपनाकर जीवन को संवारे। मर्यादा-महोत्सव का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि मर्यादा से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक को मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढ़ाएं।

आचार्य श्री तुलसी एवं आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने अपनी प्रखर आध्यात्मिक प्रतिभा से समूचे राष्ट्र को प्रेरित किया है और उन्हीं की ऊर्जा से तेरापंथ धर्मसंघ का मर्यादा महोत्सव जन-जन की आस्था का केन्द्र भी बना है, एक प्रेरणा बना है। यह महोत्सव मात्र मेला ही नहीं है, सैकड़ों प्रबुद्ध साधु-साध्वियों का मिलन संघीय इतिहास में श्री स्वस्ति का उद्घोषक बनता है। वह मात्र आयोजनात्मक ही नहीं, वह संघ के फलक पर सृजनशीलता के नये अभिलेख अंकित करता है। महोत्सव के समय ऐसा लगता है मानो नव निर्माण के कलश छलक रहे हैं, उद्यम के असंख्य दीप एक साथ प्रज्वलित हो रहे हैं। हर मन उत्साह से भरा हुआ, हर आंख अग्रिम वर्ष की कल्पनाशीलता पर टिकी हुई और हर चरण स्फूर्ति से भरा हुआ प्रतीत होता है। यह महापर्व पारस्परिक संबंधों को प्रगाढ़ता प्रदान करता है। उनमें अंतरंगता लाता है। अनेकता में एकता का बोध कराता है। मर्यादा महोत्सव संघीय चेतना का अदृश्य वाहक है। इसमें वैयक्तिक और संघीय गति, प्रगति एवं शक्ति निहित है। स्वयं को समग्र के प्रति समर्पित करने का अनूठा महोत्सव है यह। इसका संदेश है स्वयं को अनुशासित करो, प्रकाशित करो और दूसरों को प्रेरणा दो। अपेक्षा है एक धर्मसंघ में मनाया जाने वाला यह अनूठा पर्व, समग्र मानवता का उत्सव बने।

मर्यादा महोत्सव इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित होता है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्ष की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्ष में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाता है और अपने भाग्य की रेखाओं में संयम और मर्यादा के रंग भरता है, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करता है। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण मर्यादा महोत्सव का हार्द है।

सहिष्णुता यानि सहनशीलता। दूसरे के अस्तित्त्व को स्वीकारना, सबके साथ रहने की योग्यता एवं दूसरे के विचार सुनना- यही शांतिप्रिय एवं सभ्य समाज रचना का आधारसूत्र है और यही आधारसूत्र को मर्यादा महोत्सव का संकल्पसूत्र है। परिवार, गांव, समाज जैसी संस्थाएं टूट रही हैं। रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आत्मीयता समाप्त हो रही है। तथाकथित विकास के रास्ते पर जो हम चल रहे हैं वह केवल बाहरी/भौतिक है, जो सहिष्णुता के आसपास पनपने वाले सभी गुणों से हमें बहुत दूर ले जा रहा है। आधुनिक संचार माध्यमों के कारण जहां दुनिया छोटी होती जा रही है, वहीं मनुष्य ने अपने चारों तरफअहम् की दीवारें बना ली हैं, जिसमें सहिष्णुता के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में फैलता वैचारिक एवं अनैतिक प्रदूषण, आर्थिक अपराधीकरण, रीति-रिवाजों में अपसंस्कृति का अनुसरण, धार्मिक संस्कारों से कटती युवापीढ़ी का रवैया, समाज-राष्ट्र में बढ़ता सत्ता, प्रतिष्ठा और धन का अन्धाधुन्ध आकर्षण जैसे जीवन-सन्दर्भों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न कर हम समझ के साथ भारतीय संस्कृति को बहुमान दें। तभी मर्यादा महोत्सव संघ की बुनियाद पर समाज एवं राष्ट्र को नई प्रतिष्ठा एवं नई दिशा दे सकेगा। मर्यादा महोत्सव धर्म का एक आदर्श स्वरूप है जो अच्छाइयों के प्रति आस्था और बुराइयों के प्रति संघर्ष करने का साहस देता है। इस महोत्सव का निहितार्थ है कि मर्यादाओं को जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। मर्यादाएं तो सांस की भांति जीवन के साथ-साथ चलती हैं। मर्यादा का मतलब वह आस्था है जो जीवन के ऊंचे आदर्श, शुद्ध नीतियों और किये गये वायदों के प्रति जागरूक रखती है। इन्हीं मर्यादाओं को मर्यादा महोत्सव का उपहार मानें और उसे अपने जीवन के साथ जोड़ लें। यह धर्म भी सफलता का एक मंत्र है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर कोई नया कम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। जमीन जायदाद से जुड़े काम को आज पूरा कर लेंगे। इससे आपको हार्दिक खुशी होगी। स्वास्थ्य के नजरिये से आपका दिन अच्छा रहेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले दिनों स्वास्थ से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घर के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा। आज आपका कोई चल रहा लोन पूरा होने की सम्भावना है। सिविल इंजिनियर आज किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोतरी होगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना करे रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही तकरार आज ख़त्म होगी। एक दूसरे को और बेहतर समझेंगे। आज आय वृद्धि के एकानेक स्रोत मिलेंगे। आज आपका स्वास्थ चुस्त दुरुस्त बना रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढेगा। लोग आपके सज्जन स्वभाव की तारीफ करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। मानसिक तनाव में पहले से कमी आएगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एमटेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं। बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में द्रंडता आयेगी। आज मनचाही वस्तु आप ले सकते हैं। आपको पेट सम्बंधित समस्या हो सकती है। आज बाहर का खाना अवॉयड करें। ऑफिस में अपनी छवि और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक विवाद करने से बचें आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घर से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे। अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें। आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा। स्वास्थ के नजरिये से दिन उर्जा से भरा रहेगा। आज घर की जरूरी सामग्री लेने मार्किट जा सकते हैं। वहां किसी दोस्त से मुलाकात होगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज छोटी मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वाभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। अगर आप वाहन लेना चाहते है तो दिन आपके लिए सुयोग रहेगा। आज आपके सभी प्रयत्न सफल होंगे। आज आपका स्वास्थ उत्तम रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ सम्बंधित समस्या से राहत का एहसास होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगा। स्वजनों से लगाव बना रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। घर बनवा रहे लोगों का काम प्रगति से आगे बढेगा। नई-नई चीजों की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा।

मकर राशि-आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में कोई काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की अवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आयेगा। मैकेनिकल इंजीनियर्स पुराना टारगेट पूरा करके नए टारगेट की जिम्मेदारी पा सकते हैं।

कुंभ राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से स्वास्थ के प्रति दुष्परिणाम हो सकते हैं। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटे। इस राशि के लवमेट शाम को शौपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। आपके व्यापार में पहले से बेहतर अनुकूलता रहेगी। ग्राहकों के प्रति अपने व्यव्हार को मधुर बनाना चाहिए।


मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेहपूर्वक रहे। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रूचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

## विशेष लेख

# प्रॉमिस डे के चोंचले

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

सुनते हो प्रॉमिस डे, तुम मेरे लिए रोमांटिक छुट्टी हो। जहाँ लोग पल भर में प्यार और प्रतिबद्धता के बड़ी घोषणाएँ करते हैं। यह दिन गुलाब, चॉकलेट को पछाड़कर वादे से भरा होता है, जो या तो की जाती हैं या फिर नहीं की जाती हैं। जब मैं इन सब पर विचार करता हूँ, तो मैं इस दिन की प्रतिबद्धताओं के प्रति हास्य देखने से बच नहीं सकता। प्रॉमिस डे के दिन प्रेमी-प्रेमिका की जोड़ी बड़ी सुंदर लगती है। बाकी दिनों में भी लगती है, लेकिन इस दिन इनके बीच प्यार का कीड़ा बड़ा मचलता रहता है। जोड़ों के बीच मीठी बातों का आदान प्रदान करने के बाद आर्थिक वचन देना शुरू करते हैं। वे वादा करते हैं कि वे हमेशा एक दूसरे को प्यार और सम्मान करेंगे, कालाजादू के बावजूद मजबूत रहेंगे और हमेशा एक-दूसरे के दिल में रहेंगे। यह सब इतना छूने वाला होता है कि यह हृदयग्राही होता है। आपको महसूस होता है कि ये वादे अक्सर उतने ही कमजोर होते हैं, जितना कि समुंदर किनारे रेत पर लिखे जाते हैं। प्रोमिस डे की विडंबना यह है कि यह एक दिन केवल और केवल प्रॉमिस करने के लिए समर्पित होता है, जो अक्सर तोड़ने के लिए किए जाते हैं। कितनी बार हमने किसी से यह वादा करते हुए सुना है, कि वह हमारे लिए वहां रहेंगे, लेकिन जब हमें उनकी सबसे अधिक जरूरत होती है, तो वे गायब हो जाते हैं? या फिर अविनाशी प्यार का वादा करते हुए, समस्या के पहले ही दरवाजा बंद कर देते हैं? इस दिन वादों की अंतहीन श्रृंखला की झड़ी लगी रहती है। लोग वादा करते हैं कि वे अपने साथियों को भव्य छुट्टियों पर ले जाएंगे, उन्हें महंगे उपहार देंगे, जैसे मधुशाला की बोतलें। यह सब इतना अत्यधिक और बेतुका होता है, खासकर जब आप जानते हैं कि ये वादे अक्सर बस प्रभाव डालने के लिए खाली शब्द भर होते हैं, वादा पूरा करने के लिए नहीं। शायद प्रोमिस डे का सबसे बेतुका पहलू यह है कि वह लोगों पर जोर डालता है वादे करने और पूरा करने का। इसमें यह उम्मीद है कि आपको अपने प्यार और प्रतिबद्धता को सबसे अधिक बड़े तरीके में घोषणा करनी होगी, काश आपकी भावनाओं की सत्यता आपके वादे के आकार से मापी जा सकती। यह भूलें नहीं कि किसी पर्फेक्ट गिफ्ट ढूंढ़ने या पर्फेक्ट डेट प्लान करने का दबाव हमेशा बना रहता है। स्वावलम्बी वादों को छोड़कर इस दिन सब कुछ बेतुका लगता है। राजनीतिज्ञ वादा करते हैं कि कर सीमा कम करेंगे, नौकरियाँ बनाएंगे, और विश्व शांति लाएंगे। कंपनियाँ विशेषज्ञ उत्पादों और अद्भुत ग्राहक सेवा प्रदान करेंगे। यह न भूलें कि हम उन वादो को करते हैं, जो केवल वचन बनकर रह



जाते हैं, जैसे - स्वस्थ खाने, अधिक व्यायाम करने, अधिक उत्पादक बनने का। लगता है कि प्रॉमिस डे वह दिन है, जब हम सभी प्रकार के वादों को करने और तोड़ने के लिए कमर कसकर तैयारी करते हैं। यह एक दिन है जहाँ हमें उम्मीदों को वादों के रूप में बदलने के लिए प्रेरित किया जाता है, जो हमें पता होता है कि हम शायद नहीं निभा पाएंगे, और दूसरों से भी वही उम्मीद की जाती है। यह एक दिन है जो वादों की प्रतिबद्धता के खाली बर्तनों की तरह दिखता है। यह वह दिन है जो हमारी मानवीय आवश्यकता के लिए वादे करने, और हमारे उसी मानव झुकाव की कवायद है कि हम उन्हें निभा पाने की कोशिश करते हैं। यह एक दिन है जो हमारी महान घोषणाएँ प्यार और प्रतिबद्धता में हम मिलते हैं जब वे पूरा नहीं होते हैं। तो इस प्रॉमिस डे पर, मैं सुझाव देता हूं कि हम इसकी बेतुकी को गले लगाकर एक-दूसरे को बेवकूफ बनाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। चलो हम ऐसे वादे करते हैं और फिर खुद के लिए हंसते हैं कि हम इसका हिस्सा क्यों बन गए। चलो हम प्यार और प्रतिबद्धता की अधिक बड़ी गलियों में झूला बनाएं और फिर इस पर झूलें। बाद में वैसे भी सिर थामकर यही करना होता है। शायद ऐसा करके, हम वादों की अनुभूत बातों और इन सब की बेतुकी असभ्यताओं में हंसी निकाल सकते हैं।

## राजनीति

# वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट दुबई 2024-भारत नें विश्व को नया मार्ग सुझाया

**सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर आज दुनियां का हर देश वहां के नागरिकों द्वारा चुनी हुई सरकारों द्वारा चल रहा है। हालांकि इसमें कुछ अपवाद भी हो सकते हैं परंतु अधिकतम देशों में आज लोकतंत्र का पहिया मजबूत होते जा रहा है। पूरी दुनियां का सबसे पुराना लोकतंत्र अमेरिका है,तो सबसे बड़ा विशाल लोकतंत्र भारत है जो आज दुनियां का नेतृत्व करने में सक्षम है, इसलिए ही आज अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब अपनी बात कहता है तो पूरी दुनियां ध्यान से सुनती है आज भारत की प्रतिष्ठा के मूल्य का अंदाजा हो जाता है। इसलिए ही विकसित देशों में कोई बॉस कहता है तो कोई ऑटोग्राफ लेने की बात कहता है।भारत का रुतबा है कि हम दुनियां के हर शिखर सम्मेलन में सदस्य के नाते या फिर सम्मानित अतिथि के नाते या फिर सहयोगी के नाते सम्मिलित होते हैं, जहां अति विशिष्ट महत्व प्राप्त होता है जिसका सबसे ताजा उदाहरण दुबई में 12 से 14 फरवरी 2024 को समाप्त हुए वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में भारत के वजन का पता चलता है, जहां हमारे पीएम ने संबोधन किया चुंकि विश्व सरकार शिखर सम्मेलन दुनियां भर के थॉट लीडर्स को एक मंच पर लाने का एक बहुत बड़ा माध्यम बना है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के जिन देशों की सरकारें पारदर्शिका को प्राथमिकता देती है उनके नतीजे अच्छे निकलते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट दुबई 2024 की करें तो, 12-14 फरवरी तक दुबई में संपन्न हुए 2024 विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में भारत, तुर्किये और कतर को सम्मानित अतिथि के रूप में नामित किया गया हैशिखर सम्मेलन का विषय भविष्य की सरकारों को आकार देना है, जिसमें दुनियां भर से 25 से अधिक सरकार और राज्य प्रमुख भाग लिए।तुर्किये,भारत और कतर के प्रतिनिधि मंडलों का नेतृत्व उनके संबंधित नेताओं द्वारा किया जाएगा।तुर्किये से राष्ट्रपति, भारत से पीएम , और कतर से पीएम और विदेश मंत्री ।शिखर सम्मेलन के दौरान अतिथि देश अपने सफल सरकारी अनुभवों और सर्वोत्तम विकासात्मक प्रथाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही 120 सरकारी प्रतिनिधिमंडलों और 4, हज़ार उपस्थित लोगों के साथ 85 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के नेताओं, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के विचार भी एक साथ लाएंगे।विश्व सरकार शिखर सम्मेलन संगठन एक वैश्विक, तटस्थ,गैर-लाभकारी संगठन है। इसका उद्देश्य सरकारों के भविष्य को आकार देना है। शिखर सम्मेलन, अपनी विभिन्न गतिविधियों में, नवाचार का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, मानवता के सामने आने वाली सार्वभौमिक चुनौतियों को हल करने के लिए अगली पीढ़ी की सरकारों और प्रौद्योगिकी के एजेंडे का पता लगाता है। विश्व सरकार शिखर सम्मेलन सरकारों के लिए एक वैश्विक ज्ञान विनिमय मंच है। इसकी स्थापना 2013 में संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री, दुबई के शासक महामहिम के गतिशील नेतृत्व में की गई थी और यह उत्कृष्टता और समावेशिता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।शिखर सम्मेलन ऐसे स्थान बनाते हैं जहां नेता किसी उद्योग या क्षेत्र को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों या रुझानों पर चर्चा कर सकते हैं। अधिकांश शिखर सम्मेलनों के दो लक्ष्य होते हैं- साथी विशेषज्ञों के साथ विचारों को साझा करना और उन पर बहस करना।

साथियों बात अगर हम विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, आज विश्व को साफ और पारदर्शी सरकार की जरूरत है आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो क्लीन हो, करप्शन से दूर हो,जोट्रांसपेरेंट हो। आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो ग्रीन हो, पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को लेकर गंभीर हो। आज विश्व को आवश्यकता है ऐसी सरकारों की जो ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ जस्टिस, ईज ऑफ मोबिलिटी, ईज ऑफ इनोवेशन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को अपनी प्राथमिकता बनाकर चले, गत वर्षों में लोगों का भरोसा भारत सरकार पर बढ़ा है।पीएम ने बताया कि उन्होंने हमेशा ऐसा एनवायरनमेंट क्रिएट करने पर जोर दिया जो नागरिकों में एंटरप्राइज और एनर्जी दोनों को और बढ़ाए। हम टॉप डाउन और बॉटम अप अप्रोच के साथ-साथ होल ऑफ सोसाइटी अप्रोच को लेकर भी चले हैं। हमनेहोलिस्टिक अप्रोच पर बल दिया,पीपल पार्टिसिपेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सुशासन में हमने जनभावनाओं को जगह दी है। हमने प्रयास किया कि कोई अभियान भले ही सरकार शुरू करे लेकिन समय के साथ देश की जनता उसकी बागडोर खुद संभाल ले। जनभागीदारी के इसी सिद्धांत पर चलते हुए हमने भारत में अनेक बड़े ट्रांसफॉर्मेशन देखें हैं। हमारी सैनिटेशन ड्राइव हो, गर्ल एजुकेशन को बढ़ाने का अभियान हो, डिजिटल लिटरेसी हो इनकी सफलता पिपल्स पार्टिसिपेशन से ही सुनिश्चित हुई है।पीएम ने कहा, मैं मानता हूं कि सरकार का अभाव भी नहीं होना चाहिए और सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। मैं ये मानता हूं कि लोगों की जिंदगी में सरकार का दखल कम से कम हो ये सुनिश्चित करना भी सरकार का ही काम है। हम अक्सर कई एक्सपर्ट्स को सुनते हैं कि कोविड के बाद दुनियाभर में सरकारों पर भरोसा कम हुआ है लेकिन भारत में हमने एक दम विपरीत अनुभव देखा।कोविड के बाद दुनिया भर में सरकारों पर भरोसा कम हुआ है बीते वर्षों में भारत सरकार पर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है, लोगों को हमारी सरकार के इंटेंट और कमिटमेंट दोनों पर पूरा भरोसा है। ये कैसा हुआ? क्योंकि हमने गवर्नेंस में जनभावनाओं को प्राथमिकता दी है।हम देशवासियों की जरूरत के प्रति संवेदनशील है। हमने लोगों की जरुरतों और लोगों के सपनों को पूरा करने पर ध्यान दिया है। पीएम ने कहा इन 23 वर्षों में सरकार में मेरा सबसे बड़ा विश्वास बड़ा। यह दुनिया भर के थॉट लीडर्स को एक मंच पर लाने का एक बड़ा माध्यम बन चुकी है। दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात में है। पीएम ने अपनी यात्रा के दूसरे दिन आज, बुधवार को दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं को संबोधित किया। भारत ने विश्व को एक नया मार्ग सुझाया है। एक विश्व बंधु के रूप में भारत इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहाहै। यह सम्मेलन नेताओं को एक मंच पर लाने का माध्यमविश्व सरकार शिखर सम्मेलन दुनियाभर के थॉट लीडर्स को एक मंच पर लाने का एक बड़ा माध्यम बन चुकी है। दुबई जिस प्रकार ग्लोबल इकोनॉमी कॉमर्स और टेक्नोलॉजी का एपिसेंटर बन रहा है ये बहुत बड़ी बात है।पीएम ने गर्मजोशी से भरे स्वागत के लिए आभार किया व्यक्त विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा- वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में की-नोट एड्रेस देना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। । पीएम ने कहा, हाल के दिनों में मुझे उनसे कई बार मिलने का मौका मिला है। वो सिर्फ लीडर ऑफ विजन ही नहीं है बल्कि लीडर ऑफ रिजॉल्व और लीडर ऑफ कमिटमेंट भी है।दुबई वैश्विक अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी का बन रहा है हबआगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, कोविड के दौरान एक्सपो-2020 का आयोजन हो या फिर हाल में कॉप-28 का आयोजन, ये दुबई स्टोरी के बेहतरीन उदाहरण है। इसी के साथ पीएम मोदी ने वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। हर सरकार के सामने अपनी प्रासंगिकता को बचाने की चुनौतीपीएम ने कहा, इन सबके बीच हर सरकार के सामने अपनी प्रासंगिकता को बचाने का भी बहुत बड़ा चैलेंज भी है। इन सवालों, चुनौतियों, स्थितियों के बीच वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट का महत्व और बढ़ गया है।आज विश्व को समावेशी सरकार की जरूरत पीएम ने कहा, आज हर सरकार के सामने सवाल है किस किस अप्रोच के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो इंक्लूसिव (समावेशी) हो, जो सबको साथ लेकर चले। आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो स्मार्ट हो, जो टेक्नोलॉजी को बड़े बदलाव का माध्यम बनाए।हर सरकार अपने नागरिकों के प्रति अनेक दायित्वों से बंधी हुई हैपीएम ने कहा, टेक्नोलॉजी हर प्रकार से चाहे वो नेगेटिव हो या पॉजिटिव एक कि डिसरप्टर साबित हो रही है। आतंकवाद आए दिन एक नए स्वरूप के साथ मानवता के सामने एक नई चुनौती लेकर सामने आ रहा है। पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियां भी समय के साथ और बड़े होते जा रहे हैं। एक तरफ डॉमेस्टिक कंसर्न्स हैं तो दूसरी तरफ इंटरनेशनल सिस्टम बिखरा हुआ नजर आता है। हर सरकार के सामने अपनी प्रासंगिकता को बचाने की चुनौतीपीएम ने कहा, इन सबके बीच हर सरकार के सामने अपनी प्रासंगिकता को बचाने का भी बहुत बड़ा चैलेंज भी है। इन सवालों, चुनौतियों, स्थितियों के बीच वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट का महत्व और बढ़ गया है। आज विश्व को समावेशी सरकार की जरूरत पीएम ने कहा, आज हर सरकार के सामने सवाल है कि वो किस अप्रोच के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो इंक्लूसिव (समावेशी) हो, जो सबको साथ लेकर चले। आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो स्मार्ट हो, जो टेक्नोलॉजी को बड़े बदलाव का माध्यम बनाए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण इसका विशेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट दुबई 2024-भारत नें विश्व को नया मार्ग सुझाया है।विश्व सरकार शिखर सम्मेलन,दुनियां भर के थॉट लीडर्स को एक मंच पर लाने का बहुत बड़ा माध्यम।दुनियां के जिन देशों की सरकारें पारदर्शिता को प्राथमिकता देती है,उनके नतीजे अच्छे निकलते हैं।

**एक नजर**

## स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई



**कोण्डगांव, 15 फरवरी।** कल दिनांक13-02-2024 को नवीन शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मर्दापाल दोनों संस्थाओं के द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें अध्ययनरत छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रस्तुति दी।दो दिवसीय इस सालाना जलसे में दोनों संस्थाओं के सभी विभाग के छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। ज्ञात हो कि इसी वर्ष से आईटीआई भवन में ही कॉलेज संचालित हो रहा है जिसमें कॉलेज एवं आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा मिलकर प्रथम वर्ष में ही वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेशमा दीवान,आईटीआई प्राचार्य श्री रवि नायक व कॉलेज प्राचार्य श्री तिलक चंद देवांगन के साथ संस्था प्रभारी सुनील देव जोशी व समस्त स्टाफ मौजूद रहे हैं साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पिलावती पोयाम जनपद सदस्य, श्री महेंद्र पात्र सरपंच मर्दापाल,श्री धर्मेंद्र सिंह ठाकुर उपसरपंच व अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए और दोनों संस्थाओं के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अग्निवीर वायु सेना भर्ती परीक्षा के लिए दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

**कांकेर, 15 फरवरी ।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन करने वाले युवाओं को जिला प्रशासन की ओर से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसे आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 16 फरवरी तक उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पंजीयन के बाद आवेदकों को 17 फरवरी 2024 को वायु सेना भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाईल नंबर 9425516268, 6265087948, 9407761305, 7587183056 पर कॉल करके अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 मार्च तक

**कांकेर, 15 फरवरी ।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 22 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए आवेदक इंडियन आर्मी की वेबसाईट 222.द्ध्रश्वद्बठ्ठद्बठ्ठस्र्द्बद्बठ्ठ-ड्डह्म्द्व4.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत जनरल तकनीकी क्लर्क एवं स्टोरकीपर ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंस, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरू के पदों पर भर्ती की जाएगी।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.ई. के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.ई. 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाईन परीक्षा सी.ई.इ. 'केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 0771-2965213 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जनपद पंचायतों के लिए 1.53 करोड़ रुपये का आबंटन जारी

**कांकेर, 15 फरवरी ।** जनपद पंचायत विकास निधि योजना' अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जिले की सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों के लिए द्वितीय किश्त के रूप में कुल 01 करोड़ 53 लाख 60 हजार रूपये का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्राप्त आबंटन की राशि जनपद पंचायत के अध्यक्ष के लिए 03 लाख रूपये, उपाध्यक्ष के लिए 01 लाख 80 हजार रूपये तथा प्रति सदस्यों हेतु 01 लाख 20 हजार रूपये के मान से कुल 01 करोड़ 53 लाख 60 हजार रूपये जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत अंतागढ़ के लिए 16 लाख 80 हजार रूपये, भानुप्रतापपुर के लिए 19 लाख 20 हजार रूपये, चारामा हेतु 22 लाख 80 हजार रूपये, दुर्गूकोंदल के लिए 15 लाख 60 हजार

# छात्रावास चरित्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थानःतुलिका कर्मा





- हॉस्टल डे कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति
- तुलिका ने छात्रावास जीवन पर डाला प्रकाश, कहा अनुशासन जीवन में सबसे जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 फरवरी।** शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक/बालिका छात्रावास में हॉस्टल डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा की। कार्यक्रम की शुरुआत तुलिका कर्मा, सुनीता भास्कर व रामू नेताम ने माँ सरस्वती व डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। हॉस्टल डे के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिपं अध्यक्ष तुलिका ने कहा कि छात्रावास जीवन में अनेक खूबियां होती हैं। हॉस्टल में रहने के बहुत नियम होते हैं, जिससे हम अनुशासित रहते हैं, जो हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। छात्रावास चरित्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थान होता है। तुलिका ने आगे कहा कि छात्रावास जीवन का अपना आकर्षण है। छात्रों को अपने निर्णय लेने की स्वतंत्रता रहती है। वे परिपक्व तथा सामाजिक बनते हैं। वे सहभागिता सीखते हैं। प्रत्येक छात्र को छात्रावास-जीवन का आनंद लेना चाहिए। उसे सकारात्मक रूप से इस अवसर का उपयोग करना चाहिए। यह एक अच्छा मानव बनने के लिए सुनहरा अवसर उपलब्ध कराता है। बालिका छात्रावास की छात्राओं द्वारा मनमोहक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसके लिए जिपं अध्यक्ष ने बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया।

## जय स्तम्भ चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलवामा में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**दंतेवाड़ा 15 फरवरी।** 14 फरवरी को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा में जवानो को ले जाने वाले



सीआरपीएफ वाहनों के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में 40 जवानों की शहादत हुई थी।शहीद जवानो की याद में 14 फरवरी 2024 को जय स्तंभ चौक दंतेवाड़ा में मोमबत्ती जलाकर शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए । इस दौरान धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश शर्मा, कुलदीप ठाकुर, जयदयाल नागेश, गुप्त कैलाश मिश्र, रूपन मंडल, कुणाल ठाकुर, जय भंसाली, बृजेश राणा, निखिल नाग, कीर्ति ठाकुर, भावना परगनिया, शिव प्रताप सिंह, गुलशन नईक, हिमांशु परगनिया, सुमित ओयामी, अविनाश मिश्रा, कमला बैरागी, दीपेश पटेल, शुभम मिश्रा, हर्ष प्रधान, आर्यन शर्मा, राहुल ठाकुर जय स्तंभ चौक पर उपस्थित हुए। शहीद जवानों की याद में मोमबत्ती जलाकर शहादत को नमन किया व वीर जवानो के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी ।

# छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यालय में हुई चुनाव समिति की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 15 फरवरी।** भाजपा लोकसभा संयोजक निवासी मद्दी भाजपा जिला कार्यालय सुकमा पहुंचे। भाजपा कोंटा विधानसभा सभा चुनाव समिति का बैठक लिया गया। इस बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति के तहत अब तक के किए गए कार्यों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा किया गया भाजपा चुनाव समिति की बैठक हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी ने कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत 07 फरवरी 2024 से गांव चलो अभियान चलाया जा रहा हैं। वहीं 01 फरवरी से स्वसहायता समूह संपर्क योजना की शुरुआत हो चुकी है जो 22 फरवरी तक चलेगी। इसके साथ ही बैठक 25 फरवरी से 05 मार्च 2024 तक लाभार्थी संपर्क योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।जिला अध्यक्ष धनी राम बारसे ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे। इस दौरान सैकड़ों गांव व नगरों के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्र की जनता के साथ बिताना पड़ेगा।बस्तर लोकसभा संयोजक निवासी मद्दी ने बताया कि चुनाव समिति के बैठक में अलग-अलग विभाग प्रमुख बनाए गए हैं, जो चुनाव संचालन का जिम्मा संभालेंगे। ये विभाग प्रमुख चुनाव में चुनाव प्रचार में गाड़ियों की व्यवस्था, क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान, प्रचार-प्रसार सामाग्री, नेताओं के कार्यक्रम, शहर में लगने वाले पोस्टर, बैनर की व्यवस्था, मेडिकल के साथ अन्य जिम्मा देखेंगे।भाजपा चुनाव समिति की बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक निवासी मद्दी, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण सिंह भदौरिया, हुंगाराम मरकाम, विधानसभा प्रत्याशी रहे सोयम मुका, जिला महामंत्री विश्व राज चौहान, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, भुवनेश्वरी यादव, नूपुर वैदिक सहित चुनाव प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## साउंड सिस्टम के उपयोग के लिए साउंड लिमिटर लगा होना जरूरी

**सुकमा, 15 फरवरी ।** उच्च न्यायालय के आदेश के



परिपालन में ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए मंगलवार को जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री हरिस. एस निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया कि लोक संबोधन प्रणाली अंतर्गत उपयोग आने वाली ध्वनि प्रणालियों में ध्वनि सीमक (साउंड लिमिटर) यंत्र लगाना अनिवार्य रहेगा। ध्वनि सीमक यंत्र ध्वनि प्रणाली का आवश्यक हिस्सा होगा। ध्वनि सीमक यंत्र के बगैर कोई दुकानदार किराये पर ध्वनि प्रणाली वाले उपकरणों को नहीं दे सकेगा। साथ ही खरीदी-बिक्री सहित तमाम स्थापना पर ध्वनि सीमक यंत्र लगाना जरूरी होगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंतिधित रहेगा। इस दौरान जिला - पुलिस प्रशासन सहित डीजे संचालक उपस्थित थे।

अधिकारियों को पालन कराने के निर्देश- बैठक में उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन के लिए कहा कि सभी अनुज्ञा (अनुमति) देने वाले प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ध्वनि सीमक यंत्र के बिना कोई भी ध्वनि प्रणाली एवं लोक संबोधन प्रणाली शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यक्रमों में स्थापित नहीं किये जाए एवं किराये पर भी नहीं लगाये जाएं। संबंधित एजेंसियों द्वारा सभी अनुज्ञप्तियों में इस शर्त को अनिवार्य रूप सम्मिलित किया जाए।

# गादीरास सूचना केन्द्र में बसन्त उत्सव धूमधाम से मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,15 फरवरी।** बसन्त उत्सव के मौके पर दयालबाग शिक्षण संस्थान के गादीनास सूर्यना केन्द्र सांस्कृतिक कार्यक्रम, बसन्त खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कवर पर महिमा का चम्मच-गोली प्रतियोगिता, बच्चों का मेंढक दौर, छात्राओं का सुई-धागा दौड़ गीत प्रतियोगिता बच्चों का आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी ने महत्व पर बताया कि बसन्त हिन्दुओं का अत्यन्त पावन व मक्कित का पर्व है। इस भी प्रकृति अत्यन्त खूबसुरत रहती है व फूल के पौधे अपने फूलों से, पेड़ अपने नये पत्तों से का स्वागत करते हैं। परम पुरूष दाता दयाल ने इसी अवसर पर जगत में आज कल्याण हेतु रास्ता बताया। इस अवसर पर गादीरास सूचना केन्द्र को गोली रंग के अल्पनाओं से सजाया गया।कार्यक्रम परम पिता के चरणों में प्रार्थना से आरम्भ हुआ व दयालबाग विश्वविधालय के गान से समाप्त हुआ।इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार की घोषणा कि गई, परन्तु पु बसंत के दिन दिनांक 14/02/2024 को किया जायेगा। मेंढक दौड़-बच्चों क लक्ष्यवीरयो भजा हो। 1. प्रथम पुरुस्कार ङ्क रामशिला लकड़ा2. द्वितिय पुरुस्कार- बुद्ध कुमारीचम्मच गोली प्रतियोगिताः- 1. प्रथम पुरुस्कार समाराठी सन्तोली2. द्वितिय पुरूस्कार- चन्द्राकान्त मरकमइस अवसर पर गादीरास सूचना केन्द्र के प्रभारी श्री विजेन्द्र कुमार न आयुतकों का धन्यवाद ज्ञापन किया व शिक्षिका श्रीमति मुपिन्दर जीत कौर ने छात्राओं बसन्त उत्सव व खेलकूद कार्यक्रम में शामिल होने पर बधाई दिया में बताया कि जलदुर जीवन का आवश्यक अंग है। खेलकूद से हम स्वस्थ रहते हैं व स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ म मस्तिष्क व आत्मा का निवास होता है।इस अवसर पर अतिथियों में श्री ओ0पी0 बिशनोई सहा0कमा0, श्री गुफरान अहमद सहा0कमा0, 188वीं वाहिनी, श्रीमति पत्रिका पटेल, श्रीमति चौव्हान आदि स्वयं सहायता समूह व एन0आर0एल0एम0 कार्यकर्ता व 50 से ज्यादा महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

# देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाई मां परमेश्वरी जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा , 15 फरवरी।** बसंत पंचमी पर मां परमेश्वरी की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। समाज के सभी लोग प्रातः 9 बजे से सामाजिक भवन में एकत्रित हो कर माता की जयंती के तैयारियों में जुट गए थे। इस अवसर पर युवकों द्वारा हर्षोलास के साथ बाइक रैली निकाली निकली गई। समाज के सभी लोगों द्वारा मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने कीए अध्यक्षता के रुप में अमृत देवांगन कांकेर राज देवांगन समाजए विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश साहू मंडल महामंत्री भाजपा चारामा ए नरेंद्र यादव पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोगए अंकित जैन मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल चारामाए रानू सेन पार्षद नगर पंचायतए सुभाष सोनकर पार्षदए रूपेश देवांगन मंडल मंत्री युवा मोर्चा एमहेन्द्र नायकए केशव साहूए अर्जुन देवांगन उपस्थिति रहे । देवांगन समाज द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही सभी अतिथियों का शॉल और नारियल दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थिति सभी अतिथियों द्वारा मां परमेश्वरी जयंती और बसंत पंचमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं एवम बधाई दिए।

## महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह :गीताघासी साहू

**राजनांदगांव ।** जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीताघासी साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं बड़ी संख्या में शिविरों में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा करने के लिए पहुंच रही हैं। महिलाओं के उत्साह के कारण प्रदेश में अभी तक लगभग 60 लाख से ज्यादा महिलाओं ने आवेदन जमा कर दिया है। गीता साहू ने आगे कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की माताओं बहनों से वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर महतारी वंदन योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और इस वादे को पूर्ण करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ देने जा रही है। महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। श्रीमती साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक गारंटी को पूरा करने के पूरी तरह से प्रतिबद्ध एवं दृढ़ संकल्पित है।

# छिंदगढ़ और सुकमा ब्लॉक में डोर-टू-डोर सर्वे शीघ्र पूर्ण करें

**सुकमा,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महतारी वंदन योजना के तहत जिले में तय लक्ष्य अनुरूप पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाने हेतु प्राप्त आवेदनों को नियमित रूप से एंट्री का होना सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने समय सीमा की बैठक में दिए। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना अन्तर्गत आवेदन संबंधित तीनों ब्लॉक सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री एस. ने शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु जिले में चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा की और छिंदगढ़ और सुकमा ब्लाक में डोर-टू-डोर सर्वे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री दरबारी राम ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री दुलींचद बंजारे, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, संयुक्त कलेक्टर श्री प्रवेश पैकरा और एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में सरपंचों सहित पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों की पंजीयन करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस ने दिए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभन्वित हो रहे हितग्राहियों को स्वीकृत आवास पूर्ण करने के लिए समय-समय पर मोटिवेट करते रहे। साथ ही तीनों ब्लॉक सीईओ को पीएम आवास योजना को प्राथमिकता देकर, स्वीकृत आवासों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में अद्यतन धान उठाव की समीक्षा कर, शीघ्र उठाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यो की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने को कहा। जिले में चिन्हांकित हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं को स्वास्थय केंद्र में नियमित संपर्क में रहने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित करने को कहा। रामाराम मेले की तैयारी हेतु दिए निर्देश- जिले में 20 फरवरी को रामाराम और 21 फरवरी 2024 को जिले में आयोजित होने वाले मेले की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने रामाराम मेले में कंट्रोल रूप बनाने को कहा। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मेले के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही मेले को लेकर कलेक्टर ने संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ स्टेटस, अविवादित, सीमांकन, जाति-निवासी आवेदन, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, जल जीवन मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधित कार्यों सहित अन्य विभागों में संचालित कार्यों की समीक्षा की।

## जिले के 76 बाल वैज्ञानिक को मिलेगा इंस्पायर अवार्ड

**सुकमा,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के कुशल नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन डंडसेना के मार्गदर्शन में जिले के 76 बाल वैज्ञानिक को इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। सभी बाल वैज्ञानिक को नवाचार मॉडल बनाने पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चयनित किया गया है।इंस्पायर अवार्ड के चयन में जिला नोडल अधिकारी श्री आशीष राम निर्देशन, सहायक प्रभारी जुहीं कुजूर व जिले के स्कूलों के प्राचार्य, प्रधानाध्यक एवम शिक्षकों के मेहनत एवम सहयोग से जिले के 1250 बच्चों ने अपने अपने आइडिया सबमिट किया था। जिसमे 76 बच्चों ने पहली बार सुकमा को इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन होकर की बड़ी सफलता दिलाई। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड दिया जाता है। इसको लेकर छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन नवाचार आइडिया मांगा गया था। इसके बाद श्रेष्ठ मौलिक रचनात्मक विचारों की गुणवत्ता के आधार पर उनका चयन किया गया है। इसमें छात्र 41 और छात्राएं 35 बाल वैज्ञानिक शामिल है। क्यों दिया जाता है इंस्पायर अवार्ड -विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व राष्टीय नवप्रवर्तन संस्थान की ओर से कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में सृजनात्मक व नवाचार सोच विकसित करने के उद्देश्य से इंस्पायर अवार्ड दिया जाता है। इसमें विद्यार्थी की आयु 10 से 15 साल के बीच होना अनिवार्य है। विद्यार्थी रोज काम आने वाले विज्ञान पर आधारित सामान्य नवाचारों जैसे कृषि, जल संरक्षण, रोगों का उपचार, जैव विविधता, आपदा प्रबंधन, दैनिक जीवन में विज्ञान पर अपना प्राजेक्ट देते हैं। इसमें श्रेष्ठ विचारों को स्कूल के स्तर पर अपलोड किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को अपने आइडिया के अनुसार मॉडल बनाना होता है, जिसका विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शन किया जाता है।

## नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**सुकमा,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवम् अनुविभागीय



अधिकारी (राजस्व) सुकमा श्री लक्ष्मण तिवारी ने पदभार ग्रहण कर कार्य संभाल लिया है। जिला पंचायत के 6वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के अधिकारी हैं। वे इससे पहले जिला सुरजपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद पर पदस्थ थे।

## स्वास्थ्य टीम एवम् साम्य भूमि फाउंडेशन जन जागरूकता के लिए ताड़मेटला पहुंची



**सुकमा,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 89 किलोमीटर दूर संवेदनशील ग्राम ताडमेटला में कलेक्टर हरीस. एस. के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ महेश सांडिया के मार्गदर्शन में साम्यभूमि फाउंडेशन द्वारा यूनिसेफ़ के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थय एवं पोषण जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एएनसी जांच, टीकाकरण, मलेरिया स्क्रीनिंग, कुपोषण जांच एवं स्वस्थ्य सम्बन्धी विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गर्भवती महिलाओं, पोषक माता एवं किशोरी बालोकाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक खाद्य सामग्रियों की जानकारी दी गयी। शिविर के दौरान ग्रामीणों को सात अलग अलग वर्ग में वर्गीकृत कर उनके अनुरूप स्वास्थय एवं पोषण से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी । इस दौरान शिविर में 356 पुरुष, महिलायें एवं बच्चे उपस्थित थें।इनमे से 285 लोगों का स्वास्थय जांच किया गया जोकि सर्दी, बुखार, मलेरिया, दस्त एवं आँख की परेशानी से सम्बंधित थे। इस दौरान सिकल सेल, एनीमिया एवं कुष्ठ रोग की भी जांच की गयी एवं 5 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए।शिविर में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओ एवं सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदाय किये जाने हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कर आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं बैंक खाता खोलने हेतु प्रेरित की गयी। इस दौरान शिविर में 21 लोगों का शिविर में ही आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों का 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर, 15 फरवरी ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों का 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील तोकापाल के ग्राम नैनमूर निवासी दिपेश की मृत्यु सांप काटने से होने पर पिता श्री साधू को, तहसील बास्तानार के ग्राम बडे बोदेनार निवासी सोमारू पोड़ियामी की मृत्यु सांप काटने से होने पर पिता श्री हिड़मों को, तहसील बास्तानार के ग्राम तोयनार निवासी कु. प्रिया कुहड़ामी की मृत्यु सांप काटने से होने पर पिता श्री लक्ष्मण कुहड़ामी को और तहसील भानपुरी ग्राम नारायणपाल निवासी आयती की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर पुत्र श्री लम्बुधर बघेल को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

# एक नजर

## शिवशंकर सिंह बनाये गये प्रांतीय कार्यालय सचिव



**खरसिया,15 फरवरी।** छ.ग. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा विकासखण्ड़ शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड़ 3 शिवशंकर सिंह कुशवाहा को प्रांतीय कार्यालय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। शिवशंकर कुशवाहा की नियुक्ति पर छ.ग. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के सदस्यों तथा विकासखण्ड़ शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारीशिवशंकर सिंह बनाये गये प्रांतीय कार्यालय सचिव।

## कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट का किया जाएगा वितरण



**महासमुंद।** भारत सरकार की ओर से चल रही एक अनूठी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनपद महासमुंद में कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यूनीसेड के द्वारा 18800 सुपोषण किट वितरण कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रशंसनीय प्रयास के साथ-साथ आयुष्मान भारत की स्वास्थ्य संचालित पहल करने के लिए यूनीसेड ने गेल इंडिया लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया है। जिसके क्रियान्वयन के लिए यूनीसेड ने गेल इंडिया लिमिटेड के साथ नवंबर में अनुबंध किया हैं।गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा समर्थित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 0 से छः साल तक के बच्चों के लिए 18800 सुपोषण किट और गर्भवती महिलाओं के लिए पूरे जनपद में चलाने की योजना है। जिसके तहत जनपद के विकासखंड में कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट्स का वितरण किया जाएगा। सांसद चुन्नीलाल साहू के अथक प्रयास से इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जन-जन तक निरोगी काया को स्वस्थ रखने का संदेश पहुंचाना है। कुपोषण किट में बच्चों को सुपोषित आहार के साथ-साथ 12 प्रकार की आदि सामग्री वितरित की जाएगी। सुपोषण किट में संतुलित आहार प्रदान किया जाएगा।शरीर के लिए आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। कुपोषण के कारण बच्चों और महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे वे आसानी से कई तरह की बीमारियों के शिकार बन जाते हैं। अतः कुपोषण की जानकारियां होना अत्यंत जरूरी है। कुपोषण प्रायः पर्याप्त संतुलित आहार के अभाव में होता है। बच्चों और स्त्रियों के अधिकांश रोगों की जड़ में कुपोषण ही होता है।

## एसएचजी को बड़ी छलांग की जरूरत :नंदनवार



**बीजापुर 15 फरवरी ।** जिले में स्व सहायता समूह के कुल 14 संकुल संगठनों के पदाधिकारियों एवं लेखपाल की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे आजीविका गतिविधि की जानकारी ली। जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समूह को बड़ी छलांग लगानी होगी। इसके लिए किसी भी तरह संसाधनों की कमी नहीं होगी। जिस क्षेत्र में महिलाएं अच्छा करना चाहती है जिला प्रशासन सहयोग करेगा। संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम स्तरीय संगठन से बनता हैं और ग्राम स्तरीय संगठन संबधित ग्राम के समूह से निर्माण होता हैं।संकुल स्तरीय संगठन में जिला पंचायत से सामुदायिक निवेश निधि की राशि, चक्रीय निधि की राशि आदि जारी किया जाता हैं। संकुल स्तरीय संगठन के द्वारा ग्राम संगठन को जारी किया जाता हैं। एवं ग्राम स्तरीय संगठन के द्वारा समूहों को उपरोक्त राशि का जारी किया जाता है। संकुल स्तरीय संगठन में सदस्यता प्राप्त सभी ग्राम संगठनों के कार्यकारिणी समिति, संकुल स्तरीय संगठन की सामान्य सभा कहलाते हैं। संगठन के भवन, शौचालय जैसे संसाधनों के लिए चर्चा किया गया।

# माता-पिता त्याग,बलिदान और संघर्ष की प्रतिमूर्ति होते हैंः पूरन लाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,15 फरवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ दिवस हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता पिता का विशेष महत्व है।पिता का साया एक मजबूत और छाया देने वाले पेड़ जैसे होता है जो सारी परेशानियां खुद सहन करता है लेकिन अपनी छांव में बैठे लोगों पर आंच भी आने नही देता।पिता अपने बच्चों के लिए एक नायक,आदर्श,एक सच्चा दोस्त और पथ प्रदर्शक होता है। मॉ यदि जीवन देती है तो पिता जीवन जीना सिखाता है।पिता मेहनत करता है और हर परिस्थिति का सामना करना और जीवन की कठिनाइयों में लड़ना सिखाता है। पिता अपने बच्चों के लिए न सिर्फ धूप की तपिश झेलकर उनकी हर एक जरूरत का ख्याल रखते है बल्कि उन्हें हर मुसीबत से बचाने में सबसे आगे रहते है।पिता का जीवन मे होना बहुत जरूरी है जिनके पास पिता होते है उसके पास दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होती है। माता पिता एक वो अनमोल रत्न है जिनके आशीर्वाद से दुनिया की सबसे बड़ी कामयाबी भी हासिल की जा सकती है।यह दिन माता पिता के प्रति सम्मान, प्यारऔर देखभाल के संस्कार को विकसित करने के लिए समर्पित है. उन्होंने आगे बसंत पंचमी के महत्व पर




प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत ऋतुओं का राजा कहलाता है. इस दिन को माँ सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है. माँ सरस्वती को वीणापाणी, हँसवाहिनी, ज्ञानदायिनी, शारदा आदि नामों से जाना जाता है. बसंत पंचमी को श्री पंचमी एवं ज्ञान पंचमी कहा जाता है. अतः इस दिन सभी विद्यार्थियों को सच्ची आस्था के साथ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए.संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने कहा कि सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की अच्छे से तैयारी करने में जुट जाने की बात कही. नकुल राम साहू व्यायाम शिक्षक ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते है।अतः सभी बच्चे को अपने माता पिता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन गीता साहू (ग्यारहवीं) ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।**माता पिता त्याग,बलिदान और संघर्ष के प्रतिमूर्ति होते है राजिम– शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ दिवस हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता पिता का विशेष महत्व है।पिता का साया एक मजबूत और छाया देने वाले पेड़ जैसे होता है जो सारी परेशानियां खुद सहन करता है लेकिन अपनी छांव में बैठे लोगों पर आंच भी आने नही देता।पिता अपने बच्चों के लिए एक नायक,आदर्श,एक सच्चा दोस्त और पथ प्रदर्शक होता है। मॉ यदि जीवन देती है तो पिता जीवन जीना सिखाता है।पिता मेहनत करता है और हर परिस्थिति का सामना करना और जीवन की कठिनाइयों में लड़ना सिखाता है। पिता अपने बच्चों के लिए न सिर्फ धूप की तपिश झेलकर उनकी हर एक जरूरत का ख्याल रखते है बल्कि उन्हें हर मुसीबत से बचाने में सबसे आगे रहते है।पिता का जीवन मे होना बहुत जरूरी है जिनके पास पिता होते है उसके पास दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होती है। माता पिता एक वो अनमोल रत्न है जिनके आशीर्वाद से दुनिया की सबसे बड़ी कामयाबी भी हासिल की जा सकती है।यह दिन माता पिता के प्रति सम्मान, प्यारऔर देखभाल के संस्कार को विकसित करने के लिए समर्पित है. उन्होंने आगे बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत ऋतुओं का राजा कहलाता है. इस दिन को माँ सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है. माँ सरस्वती को वीणापाणी, हँसवाहिनी, ज्ञानदायिनी, शारदा आदि नामों से जाना जाता है. बसंत पंचमी को श्री पंचमी एवं ज्ञान पंचमी कहा जाता है. अतः इस दिन सभी विद्यार्थियों को सच्ची आस्था के साथ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए.संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने कहा कि सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की अच्छे से तैयारी करने में जुट जाने की बात कही. नकुल राम साहू व्यायाम शिक्षक ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते है।अतः सभी बच्चे को अपने माता पिता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन गीता साहू (ग्यारहवीं) ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही सरकार:सुधा

**महासमुंद,15 फरवरी।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि सेवा ही संकल्प का ध्येय लेकर कार्य कर रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव, गरीब, किसान के हित में तो कार्य कर ही रही है, अब महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। इसका स्पष्ट उदाहरण महतारी वंदन योजना की स्वीकृति है। जिसका लाभ आगामी 1 मार्च से समस्त पात्र महिलाओं को मिलेगा। वहीं, एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सरकार ने रेडी टू ईट निर्माण कार्य अब पुन– महिला समूहों को देने पर विचार कर रही है। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराया है।श्रीमती साहू ने बताया कि राज्य में 30 हजार से अधिक महिला स्व-सहायता समूह है। 20 नवंबर 2022 को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने षड़यंत्र पूर्वक रेडी टू ईट का काम महिला समूहों से छीनकर बीज निगम को सौंप दिया था। और बीज निगम ने रेडी टू ईट का कार्य निजी एजेंसियों को दिया था। जिससे हजारों महिला समूहों में कार्यरत 3 लाख महिलाएं बेरोजगार हो गई थीं, तथा उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया। अनेक समूह की महिलाओं ने रेडी टू ईट निर्माण के लिए बैंक से ऋण लेकर मशीनें तक लगा रखी थी। लेकिन, कांग्रेसी कार्यकाल में समूह की बहनों से काम छीनकर उन्हें परेशान किया गया। समूह की महिलाओं से रेडी टू ईट कार्य छीनने से बैंक का ऋण चुकाने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वर्तमान में उन्हें पुन– उन्हें रेडी टू ईट का कार्य मिला तो प्रदेश भर के समस्त महिला समूहों को इसका लाभ मिलेगा। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे-छोटे बच्चों को पोषण आहार मिलने से उनके सेहत में वृद्धि होगी। कुपोषण दर में कमी आएगी।



## रामलला के दर्शन को लेकर रामभक्तों में है उत्साह:प्रदीप



**महासमुन्द, 14 फरवरी।** महासमुन्द जिले से भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम जी के दर्शन के लिये रवाना हुई 7 भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर स्वयं ट्रेन से श्रद्धालुओं के साथ रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए है 7 अयोध्या रवाना होने ने रवानगी के पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुन्द जिला के महासमुन्द विधानसभा के साथ सराईपाली, बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का एक जत्था रामलला के दर्शन के लिए जय श्रीराम का गगनभेदी उद्घोष करते हुए रवाना हुए 7 जिला महामंत्री प्रदीप ने बताया कि विधानसभा चुनावों के पूर्व ही प्रधानमंत्री मोदी जी के आगमन के अवसर पर उनकी दी हुई गारंटी के अनुरूप भाजपा की सरकार ने जनता से रामलला के दर्शन के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की थी 7 श्री राम नगरी अयोध्या रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन को लेकर काफी उमंग और उत्साह देखा गया 7 प्रदीप ने कहा कि जो रामभक्त अभी दर्शन के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं में शामिल नही हो पाए है वो क्रमशः आने वाले निर्धारित दिनों में दर्शन का पुण्य लाभ जरूर उठाएंगे 7 छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार ने निर्णय लिया है की हमारे आराध्य देव भगवान श्रीराम जी के दर्शन के लिये लगातार प्रदेश की जनता को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि हमारी धर्म संस्कृति और अस्मिता के प्रतीक मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी की अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण और प्राणप्रतिष्ठा से लेकर पूरे देश मे ऐतहासिक धार्मिक वातावरण निर्मित हुई है ।

## हाई स्कूल चौक के पास से 8 संदिग्ध माओवादी सामग्री सहित पकड़े गए



**बीजापुर,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय माओवादी सहयोगियों एवं सदस्यों के पीड़िया एवं हल्लूर क्षेत्र में भूमकाल दिवस मनाकर वापस जाने की सूचना पर थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत माटवाड़ा हाईस्कूल के पास एमसीपी कार्यवाही दौरान दिनांक 13/02/2024 को 14.30 बजे बिना नम्बर प्लेट के लाल रंग के ट्रेक्टर को चेकिंग हेतु रोकने पर ट्रैक्टर में सवार कुछ व्यक्ति ट्राली से कूदकर भागने का प्रयास करने लगे । सुरक्षा बल द्वारा घेराबंदी कर 08 लोगो को पकड़ा गया जिनसे पूछताछ पर अपना नामः-1.रमेश कोवासी पिता दशमन कोवासी उम्र 36 वर्ष निवासी कोतरापाल थाना जांगला2. सम्पत ओयाम पिता मोसू ओयाम उम्र 32 वर्ष निवासी कोतरापाल थाना जांगला 3.मोती वेक्को पिता अंदो वेक्को उम्र 21 वर्ष निवासी कोतरापाल थाना जांगला 4 राजू वेक्को पिता नडगू वेक्का उम्र 19 वर्ष निवासी आदवाड़ा मेटापारा थाना जांगला 5.रानू उरसा पिता संतू उरसा उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेरमापारा केशकुतुल थाना भैरमगढ़ 6.रीता मड़काम पिता पोदिया मड़काम उम्र 19 वर्ष निवासी तिमेनार थाना मिरतुर 7. पाण्डे ओयाम पिता छन्नू ओयाम उम्र 30 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर 8.सुशीला कड़ती पिता बुधू कड़ती उम्र 26 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर पकड़े गये संदिग्धों के कब्जे से विस्फोटक, बैटरी, बैटरी चार्जर, वायरलेस सेट, रेडियों, माओवादी वर्दी, पिटठू, बेल्ट, दवाईया, पटाखे, एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । पकड़े गये संदिग्धो के विरूद्ध थाना जांगला में भादवि एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

## स्कूलों में देवी सरस्वती की पूजा कर बसंत पंचमी मनाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 15 फरवरी।** विद्या की देवी मां सरस्वती का बसंत उत्सव आज यहा की सभी शैक्षणिक संस्थाओ मे धूमधाम से मनाया गया। हिंदी माध्यम की सबसे बडी शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर मे हर वर्ष की तरह बसंत ऋतु का यह पर्व सुबह मां सरस्वती की पूजा से संपन्न हुआ। अध्ययनरत बच्चे सुबह से ही हाथो मे नारियल एवं पेडा का प्रसाद लेकर स्कूल की ओर जाते दिखायी दे रहे थे,सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष पाढीग्रही ने बताया कि उत्सव मनाने के लिए विद्यार्थीयों द्वारा एक सप्ताह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। मां सरस्वती की पूजा के साथ-साथ यहा स्कूली बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। गुरूकुल महाविद्यालय मे भी यह उत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय परिसर को बेहद आकर्षक रूप से सजाया गया था,सुबह मां सरस्वती की पूजा के दौरान यहा के सभी संकाय से विद्यार्थी एकत्रित हुये थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत यादव ने बताया कि बसंत पंचमी का यह उत्सव माघ मास शुक्ल की पंचमी तिथी को मनाया जाता है,उनका कहना था कि हिंदु धर्म मे बसंत पंचमी के पर्व के दिन मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है,इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का अवतरण हुआ था। यहा के लिटिल रोज स्कूल,जोगपाल पब्लिक स्कूल मे भी बसंत पंचमी का पर्व बेहद हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। लिटिल रोज के डायरेक्टर पवन अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर उत्सव की शुरूवात करायी। जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया ने भी स्कूल मे उत्सव की शुरूवात कराकर मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजवल्लित किया। उनका कहना था कि विद्यार्थी के जीवन मे आज का यह पर्व किसी त्यौहार से कम नही है,इस दिन बच्चे विद्या की देवी को यादकर उन्हे नमन करते है।

## अभाविप ने शराबी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की

**पत्थलगांव, 15 फरवरी।** स्कूल को विद्या का मंदिर कहा जाता है,शिक्षक वहा एक पुजारी की तरह काम करता है,परंतु शिक्षा के मंदिर मे यह पुजारी जब नशे मे चुर होकर विद्यार्थीयों को क,ख,ग का पाठ पढाते हो तो उन विद्यार्थीयों का भविष्य किस स्तर का होगा उसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पत्थलगांव ब्लाक के अधिकांश स्कूलो मे इन दिनो शराबी शिक्षक सुर्खियां बटोर रहे है। पिछले दिनो हिरंवापारा के एक शासकीय स्कूल मे अध्ययनरत शिक्षक शराब के नशे मे चुर होकर स्कूल पहुंचा था,जिसके बाद वहा काफी बवाल मच गया था,बच्चो के अभिभावको ने ऐसे शिक्षको को निलंबित करने की मांग उठायी थी,आज शराबी शिक्षको के मामले को लेकर यहा के बी.ई.ओ कार्यालय मे गहमा गहमी का माहौल उस वक्त देखने को मिला जब दो दर्जन से भी अधिक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बी.ई.ओ कार्यालय पहुंचकर शराबी शिक्षको पर कार्यवाही की मांग को लेकर नारे लगाने लगे। घटना के बाद तत्काल तहसीलदार सुनील अग्रवाल एवं पुलिस बल बी.ई.ओ कार्यालय पहुंच गया,जिसकी समझाईश के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी



परिषद के कार्यकर्ताओ ने शांति पूर्वक ढंग से ब्लाक शिक्षा अधिकारी धनीराम भगत को एक ज्ञापन सौंपा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक गुलशन पांडे ने बताया कि शराबी शिक्षको की हर रोज शिकायत मिलने के बाद भी विभाग की ओर से उन पर कठोर कार्यवाही नही की जाती। उनका कहना था कि शिक्षा विभाग की ओर से ब्लाक के सभी स्कूलो के लिए एक कमेठी का निर्माण कर उस कमेटी के जरिये शराबी शिक्षको के क्रियाकलापो पर नजर रखी जाये,जिससे शराबी शिक्षको पर नकेल कसी जा सके और शासकीय स्कूलो मे अध्ययनरत बच्चो को बेहतर शिक्षा मिल सके,इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल पटेल,अमन गुप्ता,आदित्य मिश्रा,आदर्श मिश्रा,मोंटी साहु सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजुद थे।।

## हर्षोल्लास से मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस





**बीजापुर,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस एवं वसंत पंचमी के अवसर पर जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ -साथ अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कन्या शिक्षा परिसर, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होकर अभिभावकों को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की संस्कृति में रिश्तों का महत्वपूर्ण स्थान है।माता -पिता का स्थान सर्वोपरि होता है संस्कार और सभ्यता हमे अपने अभिभावकों से मिलता है जिससे हम सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं उन सफलताओं में उनका आशीर्वाद रहता है माता -पिता और अपने अभिभावकों का सदैव सम्मान करना चाहिए। बीजापुर में भी अब बदलाव आ रहा है शिक्षा के मुख्यधारा में यहां के नौनिहाल लौट रहे हैं जिसमें पालकों की जागरूकता का भी बड़ा योगदान है। मातृ-पितृ पूजन दिवस में बच्चों ने अपने अभिभावकों के चरण धोकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किए।इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम सहित अधिकारी -कर्मचारी शिक्षक गण , अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## जिले के खिलाड़ियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास



**बीजापुर,15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज्ञात हो की 1 से 5 फरवरी छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में आयोजित अंडर 14 वर्ग सॉफ्टबॉल स्कूल नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ जिसमें प्रदेश की टीम में बीजापुर जिले से बालिका वर्ग में दो खिलाड़ी अनुराधा एवं त्रिवेणी और बालक वर्ग में संजय टीम में शामिल थे वही अनुराधा प्रदेश की टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र बनी रही जिसमें टीम में उसकी पिचिंग के बदौलत प्रदेश की टीम को गोल्ड मेडल जीतने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। वही इस सत्र स्कूल नेशनल गेम्स में सॉफ्टबॉल में 9 मेडल प्राप्त हुआ है जिसमे अंडर 17 गर्ल्स में सिल्वर वही बॉयज में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। अगले 20 फरवरी को जूनियर नेशनल गेम्स में बीजापुर से 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो की पटना में आयोजित होगी । आज सभी गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार से मिले। सीईओ ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर श्रम निरीक्षक और सॉफ्टबॉल के इंटरनेशनल कोच श्री सोपान कर्णेवार एवं सहायक कोच कृष्णा डोडी मौजूद थे

# बिरहोर बस्ती में कलेक्टर ने दी महतारी वंदन योजना की जानकारी

**रायगढ़, 15 फरवरी।** विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। पिछले दिनों पीएम जनमन योजना के तहत पूरे जिले में प्रशासनिक अमला जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय तक पहुंचा और उन्हें शत-प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने की मुहिम चलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ जिले के घरघोड़ा विकासखंड के बिरहोर बस्ती कोटरीमाल पहुंचकर न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की बल्कि महतारी वंदन योजना की जानकारी भी बिरहोर महिलाओं को दी। इस दौरान उन्होंने दो बिरहोर महिलाओं श्रीमती यशोदा व श्रीमती एतवारिन के फॉर्म भी खुद भरे। कलेक्टर श्री गोयल ने महिलाओं को बताया कि योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि आपके खाते में आएगी। इस दौरान उन्होंने बिरहोर हितग्राहियों को उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में जानकारी ली और कहा




बिरहोर जनजाति के शत-प्रतिशत लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर, सीईओ जनपद पंचायत श्री एस.एन.तिवारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने इस दौरान गांव में संचालित स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों से बात की तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूल में सिलेबस पूरा करने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश दिए।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का बढ़ाया मनोबल

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण के दौरान घरघोड़ा के यूथ सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों से मुलाकात की तथा उन्हें परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं हमारी अन्य स्कूली परीक्षाओं से अलग होती है। इसमें रिजल्ट प्रतिशत के आधार पर नहीं बल्कि परीक्षा में चयन के रूप में आता है। अतः जितने लगन और मेहनत से आप तैयारी करेंगे, आपके चयन की संभावनाएं उतनी मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि आप अच्छे से तैयारी कर के सलेक्शन दीजिए, हम आने वाले समय में और सुविधाएं बढ़ायेंगे। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव को बच्चों की ऑनलाईन क्लास करवाने के भी निर्देश दिए।

एक नजर

## नगर में मनाया गया मातृ-पितृ दिवस



**छुरा, 15 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के ज्ञान अमृत विद्यालय में मातृ पितृ पूजन दिवस संपन्न ज्ञान अमृत विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रअफिया बेगम विशेष अतिथि लालिमा ध्रुव अध्यक्षता धनेश्वरी यादव एवं बाल सदन के अध्यक्ष सत्यम त्रिवेदी गायत्री परिवार से आए भैया भुनेश्वर लाल पटेल दिलीप यादव के आदित्य में संपन्न हुआकार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं गायत्री माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ हुआअतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया एवं छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना किया गयामुख्य अतिथि राफिया बेगम ने बताया कि माता-पिता का सम्मान एक दिन नहीं बल्कि पूरे दिन होना चाहिए क्योंकि मां-बाप है तो बच्चे हैं एवं विशेष अतिथि लालिमा स्त्रद्धह्वह्न2 ने कहा कि माता-पिता ही है जो बच्चों के लिए त्याग करके अपना सारा प्यार न्योछावर करते हैं एवं इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी पलक गण एवं शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित एवं पालकों द्वारा उत्साह वर्धन करते हुए उनके प्रस्तुति से प्रसन्न होकर उन्हें पुरस्कृत किया गया मुख्य रूप से समस्त शिक्षक अलका सिन्हा चमेश्वरी दीवान रामेश्वरी ज्योति दिव्य डॉली खामेश्वरी तुलसी यादव एवं हामरे पालक ओमप्रकाश थानू कंवर गुलाब कंवर सुनीता त्रिवेदी हमेश्वरी मेनुका दीवान नीरा साहू एवं अन्य सभी उपस्थित थे

## हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने उपचार के लिए दी सहायता

**छुरा, 15 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम टेंगनाबासा (छुरा) निवासी कुमारी बाई सिन्हा पति बिसौहा राम सिन्हा के किडनी संबंधित बीमारी से पीड़ित होने पर उसके उपचार हेतु आर्थिक सहायता की अपील उनके परिजनों द्वारा हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास किया गया था।जिस पर समुचित जांच उपरांत कुमारी बाई सिन्हा के उपचार हेतु 15000 रु की आर्थिक सहायता का चेक उनके पुत्र बुधराम सिन्हा को ग्रुप के डा.आनंद गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया।यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन द्वारा दिया गया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में लगभग 200 लोग जुड़े हुए हैं जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते है।

# दुकान का ताला तोडकर 5 लाख रुपये को चोरी करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 15 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार थाना में चोरी की घटना में आरोपी को गिर. कर तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में सफ्लता मिली।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी राजेश कुमार साहू पिता स्व. पूरनलाल साहू उम्र 40 सा. सुभाष वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 फरवरी के 09.00 बजे से 2 फरवरी की रात प्रार्थी के दुकान कृषि केन्द्र एवं रिवाईडिंग दुकान गांधी मंदिर वार्ड से 01. एमआई कम्पनी का मोबा. कीमती 5,000 रूपये . नगदी 5, 00000 रूपये कुल 5, 05, 000 रू. चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। विवेचना दौरान थाना भाटापारा शहर में लगे सीटीसर्विलांस की मदद से आसपास लगे हुए कैमरो को चेक किया गया जिसमें अज्ञात आरोपी का संदिग्ध् गतिविधी में दिये कि मुखबिर सूचना पर गोविंदा ऊर्फ छोटू सेन को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो अपने साथी शाहरूख खान ऊर्फ बब्बा खान के साथ मिल कर चोरी करना स्वीकार करने पर चोरी के मशरूका आरोपी आरोपी गोविंदा ऊर्फछोटू सेन से चोरी का रकम 2 लाख 90 हजार रूपये एवं. एमआई कम्पनी का मोबा. कीमती 5, 000 रूपये जप्त एवं शाहरूख खान ऊर्फबब्बा खान 48000 रूपये जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे, सउनि सुरेन्द्र सिंह, सउनि घनश्याम वर्मा, प्रधान आर. भुखन वर्मा, जेठूराम मनहरे आरक्षक उमेश वर्मा, दुर्गेश साहू, विजय ठाकुर, राहुल यादव, मुकेश रात्रे, महिला आरक्षक अनुपा केवट, थानेश्वरी पाटले एवं सायबर सेल प्रभारी लखेश केवट एवं स्टाफ सिटी सर्विलांस प्रभारी प्र0 आर0 विनोद सिह, आर0 दिनेश कुमार नेताम व जीतराम पटेल, इन्द्र सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

गजानंद महाविद्यालय मे जयंती पर

# निराला के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 15 फरवरी।** शासकीय गजानंद अग्रवाल रचनात्मक उत्तर महाविद्यालय भाटापारा में निराला जयंती का आयोजन। निराला जयंती के शुभ अवसर पर 14 फरवरी को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर पूर्णिमा साहू की अध्यक्षता एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉक्टर मुरली मनोहर सिंह के मुख्य अतिथि में निराला जयंती का आयोजन किया गया। सरस्वती माता की पूजा के उपरांत छात्र टोकेश्वरी साहू के स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक राजेश द्विवेदी ने निराला के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनसे संबंधित अनेक संस्मरण सुनाएं। मुख्य वक्ता डॉ मुरली मनोहर जी ने निराला के समय में राष्ट्रीय भावना से जुड़े अनेक क्रांतिकारी राष्ट्र भक्तो की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डाला। सिंह ने निराला की कविता में निहित संघर्ष भावना, राष्ट्रीय भावना, प्रगतिवादी भावना एवम विषय बैबिधय को रेखांकित किया।प्राचार्य डॉसाहू ने हिंदी विभाग को बधाई दी।

बिभागाधयक्ष डॉ उमाकांत मिश्र ने निराला को गद्य और पद्य में समान अभयस्त बताते हुए समाज के आडंबरयुक्त चक्रव्यूह को तोड़ने वाले महानायक बतलाया।संचालन अतिथि व्याख्याता कु पूजा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष ने किया। अनेक प्रधापको के साथ छात्र हर्ष, लीना रोशनी, पूर्णिमा, झरना आदि बढ़ी संख्या में अंत तक उपस्थित रहे।

# शिवसेना दुर्गकोंदल में लोगों से समस्याओं की जानकारी ले रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भानुप्रतापपुर, 15 फरवरी।** ग्राम दुर्गकोंदल में शिवसेना द्वारा आम जनता से सतत संपर्क करने हेतु संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान हेतु शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा आम जनता से संपर्क कर उनकी समस्याओं के निदान एवं क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के अन्याय, अत्याचार, शोषण, दमन, भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता को संगठित कर आंदोलन हेतु गांव-गांव प्रवास किया जा रहा है। एवं आम जनता की समस्याओं को जाना जा रहा है। और उन्हें दूर करने हेतु शासन, प्रशासन, संबंधित लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इसी तारतम में शिवसेना नेताओं द्वारा दुर्गुकोंदल प्रवास किया गया। जहां पर शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा के नेतृत्व में संपर्क यात्रा निकल गया। संपर्क यात्रा में शिवसेना नेता सुखचंद मडावी द्वारा शिवसेना कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज क्षेत्र में राजनीतिक दल के कार्यकर्ता होने का मतलब हो गया है कि सत्ता की दलाली और उसके आड में सरकारी संसाधनों की लूट एवं सत्ता के आड़ में अवैध कार्य कर आम जनता के हक पर अधिकार पर डाका डालना है। किंतु शिव सैनिक वह होता है जो निस्वार्थ भाव से आम जनता की सेवा करता है। आम जनता के हक और अधिकार की रक्षा के लिए अपना सर्वस्त्र न्योछावर कर देता है। हम भी शिवसेना के कर्तव्यनिष्ठ, एकनिष्ठ कार्यकरता है हम संकल्प लेते हैं कि हम सदैव अपने भारत देश, अपनी पार्टी, अपने पार्टी के प्रमुख उद्धव साहब ठाकरे एवं आम जनता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहते हुए, भारत देश की सेवा करेंगे एवं क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के अन्याय, अत्याचार, शोषण, दमन और भ्रष्टाचार के खिलाफआम जनता को संगठित कर संघर्ष करेंगे और आम जनता को उसका हक और अधिकार दिलाएंगे। शिवसेना द्वारा संपर्क यात्रा पूरे प्रदेश के हर ब्लॉक में निकाला जा रहा है जो गांव-गांव जाकर के आम जनता की समस्याओं को जानेगा एवं हर गांव मे आम जनता को संगठित कर समस्याओं खिलाफ संघर्ष करने हेतु आम जनता के साथ खड़ा रहेगा। जहां भी आम जनता के हक और अधिकार पर किसी पूंजीपति, शासन, प्रशासन में बैठे लोगों के द्वारा उनका हक मारा जाएगा .।शिव सैनिक वहां आम जनता को उसके हक और अधिकार दिलाने हेतु ढाल बनकर खड़ा रहेगा। आगे शिवसेना कार्यकर्ताओं को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चयनुराम सिवाना ने भी संबोधित किया।

## चाकू लहराते तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 15 फरवरी।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चाकू लहराते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने सीतला मंदिर के पास चंगोराभाठा में चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी राजेंद्र वर्मा 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी हरप्रित सिंह राजपूत 19 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने सिद्धार्थ चौक के पास चाकू लहराते आरोपी देवेंद्र लोखण्डे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।


**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र.........ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- हेमू कल्याणी वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा

### ईश्तहार

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश ठाकुर पिता रोशन लाल ठाकुर निवासी हेमू कल्याणी वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री चैतन्या ठाकुर (पिता का नाम-अविनाश ठाकुर माता का नाम-मुस्कान ठाकुर) की जन्म दिनांक 29/07/2013 को (स्थान) हेमू कल्याणी वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु मुख्य नगर पालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वार्ड पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 28/02/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 28/02/24. तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/02/24 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 20240221020016
अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12
तहसील बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### उद्घोषणा

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20240221020016 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदक सुरेश कुमार शर्मा पिता शम्भुदयाल शर्मा निवासी मंडी रोड नेवरा तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.न. 108/2, 118/2, 118/3 रकबा कमशः 0.143, 0.040, 0.005 हे. कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0. 188 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1. पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 15/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 20240221020017
अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम सेमराडीह प.ह.नं. 12
तहसील बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### उद्घोषणा

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेमराडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20240221020017 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदकर रामकिशोर शर्मा पिता शम्भुदयाल शर्मा निवासी मंडी रोड नेवरा तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सेम्हराडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.न. 289/2 रकबा 0.372 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू, प्रिन्ट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा / आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 15/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, कां, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेणुका सोनी पति पवन कुमार सोनी निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 1159/18 रकबा 0.0290 हे. स्वामित्व की भूमि है। आवेदिका उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 23/02/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/चार/रा.वि./2024/142/445 — भिलाई, दिनांक 12/02/2024

-::नामान्तरण प्रकाशन हेतु::-

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले समस्त हितग्राहियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से हस्तांतरण करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पुरुषोत्तम साहू आ. राधेश्याम साहू | शुभम साहू आ. पुरुषोत्तम साहू | उपहार (दान पत्र) | राधिका नगर आ.यो.भिलाई ब्लाक 42 भूखण्ड क्र. 04 आकार 78.75 व.मी. |
| 2 | श्रीमती जत्री बाई साहू पति आर.एस. साहू | शुभम साहू आ. पुरुषोत्तम | उपहार (दान पत्र) | राधिका नगर आ.यो. भिलाई ब्लाक 42 भूखण्ड क्र. 03 आकार 78.75 व.मी. |
| 3 | स्व. मूलचंद गर्ग आ. स्व. गोपी राम गर्ग | 1. विमला देवी गर्ग 2. मुकेश गर्ग आ. स्व. मूलचंद गर्ग | वारिसान हक | श्रीराम मार्केट सुपेला व्यव.व्यवस्थापन भूखण्ड क्र. 14 आकार 26.91 व.मी. |
| 4 | श्री दीपक एफ. ताहिल रामानी आ. एफ.एम. ताहिल रामानी | 1. शीला देवी मंगला पति स्व. वेदप्रकाश मंगला 2. सूरज बलवीर सिंह मंगला आ. स्व. वेदप्रकाश मंगला 3. मोनिका मंगला पति सूरज बलवीर सिंह मंगला | बिक्रीनामा | प्रियदर्शनीय परिसर पूर्व आवासीय ब्लाक क्र. 13 भू.क्र. 03 आकार 330 व.मी. |
| 5 | स्व. फनींद्र किशोर राय आ. स्व. उपेन्द्र किशोर राय | 1. शिप्रा राय पति स्व. फनींद्र किशोर राय 2. आदिति कर आ. फनींद्र किशोर राय 3. देबराती राय आ. स्व. फनींद्र किशोर राय | वारिसान हक | मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो. ब्लाक 55 भू.क्र. 01 आकार 135 व.मी. |
| 6 | 1. श्रीमती सुमन अग्रवाल पति नवीन अग्रवाल 2. श्रीमती रंजना अग्रवाल पति मधुप अग्रवाल | 1. श्री अमित कुमार अग्रवाल आ. पारस दास अग्रवाल 2. नेहा अग्रवाल पति अमित कुमार अग्रवाल | बिक्रीनामा | मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो. ब्लाक 36 भू.क्र. 07 आकार 216 व.मी. |
| 7 | स्व. विशन दास चावला आ. गुलीचन्द्र चावला | श्री पुलकेश चावला आ. विशन दास चावला | वसीयत नामा | मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो. ब्लाक 05 भू.क्र. 04 आकार 216 व.मी. |
| 8 | स्व. व्ही.डी. चावला आ. गुलीचंद चावला | श्री मनीष चावला आ. विशन दास चावला | वसीयतनामा | मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आ.यो. ब्लाक 35 भू.क्र. 01 आकार 135 व.मी. |
| 9 | स्व. श्रीमती सकीना पति स्व. इस्माईल हुसैन | 1. मुर्तजा फतेमी आ. स्व. इस्माइल हुसैन 2. हुफेजा सैफी आ. स्व. इस्माइल हुसैन 3. मुस्तफा फतेमी आ. स्व. इस्माइल हुसैन | वारिसान हक | जवाहर नगर हुडको भवन आ.यो. ए.आई.जी.-2ए ब्लाक 04 भू.क्र. 25 आकार 215.25 व.मी. |
| 10 | 1. श्रीमती विभा शर्मा पति बृजेन्द्र शर्मा 2. राहुल भट्ट आ. राकेश भट्ट | उत्कर्ष भट्ट आ. राकेश भट्ट | हकत्याग | कृष्णा नगर सुपेला आवास सह. व्यवसायिक व्यवस्थापन आकार 2108 व.फु. |
| 11 | स्व. बैकुण्ठ शुक्ला आ. पेडा शुक्ला | 1. श्याम सुंदरी देवी पति स्व. बैकुण्ठ शुक्ला 2. अरविन्द शुक्ला 3. सुधाकर शुक्ला 4. मनोज शुक्ला एवं प्रकाश शुक्ला | वारिसान हक | सर्कुलर मार्केट केम्प 02 भिलाई व्यवसायिक व्यवस्थापन भू.क्र. एच-1 आकार 120 व.फु. |
| 12 | स्व. केदारनाथ खण्डेलवाल आ. स्व. शिव प्रसाद खण्डेलवाल | 1. श्रीमती रूकमणी देवी खण्डेलवाल पति स्व. केदार खण्डेलवाल 2. श्री हरीश खण्डेलवाल 3. श्रीमती रेखा खण्डेलवाल 4. श्रीमती आशा खण्डेलवाल 5. श्रीमती रेणु खण्डेलवाल चारों के आ. स्व. केदारनाथ खण्डेलवाल | वारिसान हक | सुपेला मार्केट व्यवसायिक व्यवस्थापन ब्लाक 26 प्लाट 14 आकार 375 व.फु. |
| 13 | सावित्री उर्फ शांति देवी पति लालु राम | भीमराव आ. चिरौजी लाल चौरे | बिक्रीनामा | पावर हाउस सब्जी मंडी चबूतरा क्रमांक 94 आकार 48 व.फु. |
| 14 | स्व. विद्या देवी पति श्री आर.के. मिश्रा | 1. राजकरण मिश्रा आ. स्व. श्री राम गोपाल मिश्रा 2. श्री मनोज कुमार मिश्रा एवं आशीष कुमार मिश्रा | वारिसान हक | जनता मार्केट व्यवसायिक व्यवस्थापन ब्लाक 09 प्लाट 10 आकार 12.91 व.मी. |
| 15 | श्री हरिशंकर मिश्रा आ. श्री लालमणी मिश्रा | श्रीमती दुर्गावती दुबे पति स्व. रविन्द्र कुमार दुबे | बिक्रीनामा | शीतला काम्पलेक्स व्यवसायिक परिसर दुकान क्र. एफ/11 के बाजू आकार 2.93 व.मी. |
| 16 | सुमित्रा देवी पति कपूर चंद अग्रवाल | प्रभजीत सिंह आ. हरजीत सिंह जग्गी | बिक्रीनामा | न्यू खुर्सीपार आवासीय व्यवस्थापन आकार 83.24 व.मी. |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई


# वाडसा स्टेशन में कोरबा यशवंतपुर वेनगंगा एक्सप्रेस का ठहराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 15 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल और नागपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर नागरिकों की मांग के अनुसार वहा के सक्रिय जनप्रतिनिधियों का लाभ उस क्षेत्र जनता को मिल रहा है और लगातार यात्री सुविधा मिल रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है की इस मामले में रायपुर रेल मंडल के भाटापारा की जनता पिछले 5 वर्षो से ट्रेन स्टॉपेज की मोहताज हो गई है और भाटापारा स्टेशन में नही रुकने वाली ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ते हुए 48 तक पहुंच गई है।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के वाडसा स्टेशन में गाड़ी संख्या 12252/12251 कोरबा-यशवंतपुर-कोरबा वेनगंगा एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। गाड़ी संख्या 12252 कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा एक्सप्रेस दिनांक 15 फरवरी 2024 से तथा गाड़ी संख्या 12251 यशवंतपुर-कोरबा वेनगंगा एक्सप्रेस दिनांक 17 फरवरी 2024 से वाडसा स्टेशन में रुकेगी। 12252 कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा एक्सप्रेस, वाडसा स्टेशन 16.07 बजे पहुंचेगी तथा 16.08 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार 12251 यशवंतपुर-कोरबा वेनगंगा एक्सप्रेस वाडसा स्टेशन 19.11 बजे पहुंचेगी तथा 19.12 बजे रवाना होगी।

**■ भाटापारा में 5 साल से एक भी ट्रेन का स्टॉपेज नहीं**

बिलासपुर जोन का बिलासपुर हो या नागपुर रेल मंडल हो, दोनो मंडलो के अनेक स्टेशनों के यात्रियों को ट्रेन स्टॉपेज का लाभ वहा उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि दिला रहे है, लेकिन बिलासपुर जोन का ही रायपुर रेल मंडल इस मामले में पूरी तरह पिछड़ गया है।रायपुर रेल मंडल के भाटापारा में पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के बाद से इन 5 वर्षों में 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज नही हुआ और हालत यह हो गई है की यहां नही रुकने वाली ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ते हुए 48 तक पहुंच गई है जिससे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का पता चलता है की अपने क्षेत्र की जनता के साथ कितने अच्छे से अपनी जवाबदेही निभा रहे है, बहरहाल फ़िर से लोकसभा चुनाव की आहट हो गई और जनता पूरी तरह से मतदान करने को आतुर नजर आ रही है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors,C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| **91/SE E/M/2023-24 (II Call) System Tender No 149508 Registered Contractor class in “D” & above** For Form “A” (Percentage Rate Tender) | **PROVIDING SHIFTING OF 33 KV/11KV /X-MER/LT LINE/RMU FOR ROAD WIDENING AT-KACHCHE TO KINARI (ANTAGARH) ROAD 43.00 KM BLOCK BHANUPRATAPPUR DIST-KANKER (C.G.)** | **Rs 66.09 Lacs** |

**Note :- date of bid submission 29-02-2024**
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.**Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

**G-07810/4**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
**Tel:- 07781-252934** **Email:- eenar-phe-cg@gov.in**

**मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

**नि.सू.क्रमांक/472/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024** **नारायणपुर, दिनांक 08/02/2024**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 19/02/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल-01 अनुसार) | 7.67 लाख |
| 02 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल-02 अनुसार) | 6.49 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 19.02.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

जी-07779/3

## एक नजर

### कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने की चर्चा

**रायपुर 15 फरवरी ।** कांग्रेस के दो पूर्व कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने की चर्चा है। वे आज शाम पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। इन पूर्व विधायकों में बलौदाबाजार के प्रमोद शर्मा व धरसींवा से पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री विधानमिश्रा के नाम हैं। पूर्व विधायक रामसुंदर दास के नाम की चर्चा है। आपको बता दें कि जोगी कांग्रेस से विधायक प्रमोद शर्मा पिछले साल विधानसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे। हालांकि पार्टी उन्हें टिकट नहीं दिया। बलौदाबाजार से प्रमोद शर्मा की जगह शैलेष नितिन त्रिवेदी को उम्मीदवार बनाया गया था। हालांकि विधानसभा चुनाव में शैलेष नितिन त्रिवेदी को हार का मुंह देखना पड़ा था। वहीं विधान मिश्रा पुराने कांग्रेसी रहे हैं। वो धरसींवा से चुनाव 1998 में जीते थे।

### विशाल बने यंग इंडियंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**रायपुर,15 फरवरी।** जमशेदपुर के श्री विशाल अग्रवाल ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा शाखा यंग इंडियंस (यी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है।



उन्होंने टेक प्राइड नामक यी की वार्षिक बैठक में कार्यभार संभाला जो दिसंबर 2023 में चेन्नई में आयोजित किया गया था। इस मौके पर केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। यंग इंडियंस की स्थापना 2002 में हुई थी। देश में इसके 66 चैप्टर हैं, जिसमें 21 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 6300 से अधिक सदस्य हैं। यी राष्ट्र-निर्माण, युवा नेतृत्व और विचार नेतृत्व से संबंधित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करता है। यी की सामाजिक पहल और कार्यक्रम अपने प्रमुख हितधारकों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते हैं, जिनमें दो कॉलेजों, 13 लाख स्कूली छात्रों और 240 ग्रामीण क्षेत्रों के युवा शामिल हैं।

### होम शॉपिंग स्प्री के साथ मनाएं सीजन का जश्न

**रायपुर,15 फरवरी।** लंबा इंतजार अब खत्म हुआ, और अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के विशाल संग्रह पर बेमिसाल डील्स और ऑफ़र के साथ वापस आ गई है। अगर आप अपने घर को आधुनिक बनाने के लिए साज-सज्जा से लेकर किचन अप्लायंसेस, पर्दे, बेडशीट, गद्दे आदि खरीदना चाहते हैं, तो आपके लिए टॉप ब्रांडों जैसे अवनी, बजाज, पिजन, प्रेस्टीज, सेलबेल, बोरोसिल, वेगा के शानदार प्रोडक्ट खरीदना का शानदार मौका है।अमेजन प्राइम को आपके जीवन का हर दिन बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है क्योंकि यह एक ही मैंबरशिप में सबसे बेहतरीन खरीदारी, बचत और मनोरंजन प्रदान करता है।

### सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

**रायपुर, 15 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने ग्रास मेमोरियल मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दुसयंत तिवारी 36 वर्ष व पंकज जैन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी संजीव पनिक 31 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी विजय शंकर तिवारी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी इंद्र कुमार साहू 42 वर्ष, सुनील यादव 28 वर्ष व हिमांसु कुमार भारद्वाज 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी सुशील शर्मा 50 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी प्रदीप नौरंगे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी गौकरण साहू 52 वर्ष व गेंदराम साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी रफीक खान 21 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी बी.आर नन्ना राव 45 वर्ष व आनंद स्वामी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रामेश्वर साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# निगम आयुक्त ने बाजारों व मंडी में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**रायपुर,15 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देश एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने शहर की स्वच्छता रैंकिंग और बेहतर बनाने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान निरन्तर प्रगति पर है. प्रतिदिन आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियन्तागण, जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का सुबह 6 बजे से निरीक्षण कर सफाई करवा रहे हैं. इस क्रम में आज नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 10 के तहत डुमरतराई थोक बाजार, थोक अनाज मंडी, थोक सब्जी बाजार की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जोन 10 जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया, कार्यपालन अभियन्ता दिनेश सिन्हा, श्री आशीष शुक्ला, सहायक अभियन्ता फत्तेलाल साहू सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में लिया. आयुक्त ने थोक बाजार की सफाई का निरीक्षण कर इसको सुधार कर और



अधिक बेहतर बनाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये. आयुक्त ने लालपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के समीप पीपीपी मॉडल के तहत संधारित वालफोर्ट गार्डन की व्यवस्था देखी.

आयुक्त ने वालफोर्ट गार्डन के अच्छे रखरखाव पर संतोष व्यक्त किया. आयुक्त ने गार्डन में पाईप लाईन, प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में की गयी मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये. आयुक्त ने जोन 10 के आउटर क्षेत्रों में गन्दे पानी के निकास की सुगम व्यवस्था करने सर्वे करके नालियों का निर्माण करवाने व्यवहारिक आवश्यकतानुसार प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर राज्य शासन से नियमानुसार सक्षम स्वीकृति लेने हेतु भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये हैं।

### रायपुर के इस इलाके में 36 घंटे नहीं आएगा निगम का पानी

नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेन्द्र नगर ओव्हर हेड टैंक के बॉटम स्लैब के इनलेट पाईप में लीकेज मरम्मत कार्य हेतु 36 घंटे का शटडाउन दिनांक 16 फरवरी 2024 शुक्रवार से लिया जाना है। उक्त मरम्मत कार्य को राजेन्द्र नगर ओव्हर हेड टैंक से दिनांक 16 फरवरी को सुबह का जलप्रदाय नियमित रूप से करने के पष्चात प्रारंभ किया जायेगा। कार्य के दौरान दिनांक 16 फरवरी को सायंकालीन एवं 17 फरवरी को प्रातःकालीन एवं सायंकालीन जलप्रदाय राजेन्द्र नगर ओव्हर हेड टैंक से संबंधित क्षेत्रों में नहीं होगा। दिनांक 18 फरवरी 2024 को सुबह से राजेन्द्र नगर ओव्हर हेड टैंक से नियमित जलप्रदाय पुनः प्रारंभ होगा। इसके अतिरिक्त रायपुर शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावर पंपों से जलप्रदाय यथावत रहेगा।

# नियमित योग से होता है तन, मन और बुद्धि का विकास : बजाज

**रायपुर,15 फरवरी।** जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने वसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण उमरपोटी में स्थापित सरस्वती माता एवं भारत माता की भव्य मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर भनपुरी योग आश्रम के योग विद्यार्थियों द्वारा शिव तांडव पर योग का प्रदर्शन किया गया, साथ ही जिज्ञासा सेवा फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा अलग-अलग पारंपरिक एवं सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए श्री बजाज ने कहा कि तन, मन व बुद्धि के विकास के लिए नियमित योगा आवश्यक है। योगा का नियमित अभ्यास करने वालों का जीवन वसंत ऋतु की तरह सदैव आनंदमयी होता है। श्री बजाज ने राममंदिर निर्माण गृह संपर्क अभियान में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चन्द्रकला ध्रुव, मण्डल महामंत्री नत्थूराम साहू, जनपद सदस्य जिनेश्वरी ध्रुव, सरपंच नितेश्वरी ध्रुव, देवनारायण सिन्हा, अवध पटेल, रामनारायण पटेल, रूपचन्द नागवंशी, अवध नागवंशी, भागवत प्रसाद शर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुरली यादव, प्रधान पाठक पारद लाल साहू, शोभाराम बंजारे, भनपुरी के प्रधानपाठक सोनवानी, पुनितराम खांडे एवं नोहर यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।



# चेंबर के पदाधिकारी मिले कलेक्टर और एसपी से




**रायपुर,15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 14 फरवरी 2024 को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने माननीय डॉ.गौरव कुमार सिंह जी, जिलाधीश रायपुर एवं रायपुर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह जी से सौजन्य मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, उपाध्यक्ष नरेंद्र हरचंदानी, मनोज जैन, जय नानवानी, मंत्री- निलेश मुंधड़ा, शंकर बजाज, राजेंद्र खटवानी, लोकेश साहू, युवा चेम्बर उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, छत्तीसगढ़ फटाका व्यापारी संघ से विनोद साहू, कन्हैया अग्रवाल, सलाम भाई, आदित्य डागा, नीरज गोयल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर, 15 फरवरी।** भाठागांव बस स्टेण्ड स्थित महेश ट्रेवल्स के ऑफिस के पास बस में सवारी बिठाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से शिवनगर हांडीपारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद जुनैद वारसी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अकरम, यासीन, अयान व अरसद अपनी बस मे बैठने के लिए सवारी से विवाद कर रहा था, जिसे मना करने पर आरोपियो ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी अकरम खान 23 वर्ष निवासी संजनगर ने शिकायत किया कि आरोपी मोनू, आवेश, समीर व लक्की ने बस में सवारी बिठाने की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अवैध शराब के साथ 8 गिरफ्तार

**रायपुर, 15 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 187 पाव देशी व अंग्रेजी शराब, बिक्री रकम 2180 रुपए और बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा मैदान के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते आरोपी बिरजूराम धीवर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश साहू 33 वर्ष के पास से 31 पाव देशी एवं 16 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार साहू 48 वर्ष व भागवत तारक 40 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 900 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी गणेश साहू 34 वर्ष व टेकेश्वर साहू 29 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 880 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी राम प्रसाद पटेल 35 वर्ष के पास से 35 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी बद्रीनाथ बघेल 45 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर, 15 फरवरी।** कलेक्ट्रेड परिसर के पार्किंग स्थल से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रकांत गिरी गोस्वामी 46 वर्ष विजेता कॉम्पलेक्स न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएक्स 2844 को कलेक्ट्रेड पररिसर के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसे के लेन-देन को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर, 15 फरवरी।** दलदल सिवनी नाला के पास उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत यादव 23 वर्ष दुबे कालोनी मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी दलदल सिवनी नाला के पास गया था, तभी आरोपी जितेन्द्र एवं नैनदास ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# विप्र कॉलेज में जॉब फेयर का आयोजन



**रायपुर,15 फरवरी।** शासकीय दू ब कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय वाणिज्य विभाग एवं विप्र कला- वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में जॉब फेयर का आयोजन किया गया।

विप्र कॉलेज में आयोजित जॉब फेयर में 286 स्नातक ,स्नाकोत्तर तथा भूतपूर्व विद्यार्थियों ने पंजीयन कर, इंटरव्यू में भाग लिया। इंटरव्यू के आधार पर 39 स्टूडेंट टेक्नो टास्क कंपनी में चयनित हुए और 28 स्टूडेंट patraa कंपनी में चयनित हुए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल के निर्देशानुसार एवं विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी के दिशा निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।प्राचार्य द्वय ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कलार समाज महोत्सव में युवाओं ने भाग लिया

**रायपुर,15 फरवरी।** डड़सेना कलार समाज के सरहरगढ़ सोरार कलार महोत्सव 13 फरवरी को बड़े ही भव्य रूप में बालोद जिला के गुरुर गाँव में आयोजित किया गया था यह स्थान में माता बहादुरीन कलरीन दाई माची एवं मंदिर स्थापित है यहाँ मान्यत्ता है की कुछ भी कार्यक्रम आस पास के गाँव में होता है तो सबसे पहले माता बहादुरीन दाई के मंदिर में पूजा अर्चना करके ही किया जाता है।मीडिया प्रभारी रामप्रसाद जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवामंच का सबसे बड़ा योगदान रहा है। वही हमारे प्रान्ताध्यक्ष श्री युवराज सिन्हा जी पूरी टीम एवं महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा जी की पूरी टीम प्रदेशध्यक्ष युवामंच श्री डागेश्वर सिन्हा जी की पुरे प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी श्री नंदू सिन्हा, दिनेश सिन्हा, देवलाल सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, प्रदेश युवामंच उपाध्यक्ष, एवंहर्ष गजेंद्र सिन्हा बालोद जिलाध्यक्ष, देवेंद्र सिन्हा दुर्ग जिलाध्यक्ष , लुकेश सिन्हा राजनांदगाव जिलाध्यक्ष,शिवझड़ी सिन्हा बेमेतरा जिलाध्यक्ष,सतेंद्र कुमार सिन्हा



रायपुर जिलाध्यक्ष, टोपू कुमार सिन्हा (सुनील), जिला महामंत्री युवामंच, वंशगोपाल सिन्हा गरियाबंद जिलाध्यक्ष, दौलत सिन्हा महासमुंद जिलाध्यक्ष दुष्यंत सिन्हा धमतरी जिलाध्यक्ष कुंदन सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, भीम सिन्हा, पुरषोत्तम सिन्हा, राकेश सिन्हा जितेंद्र सिन्हा, युवराज सिन्हा, आशीष सिन्हा, यादराम सिन्हा, चिराग सिन्हा, अनेक युवामंच साथियो का भरपूर योगदान रहा।

# विप्र महिलाओं ने मनाया बसंत उत्सव

**रायपुर,15 फरवरी।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच महादेव घाट परिक्षेत्र ने बसंत पंचमी को बसंत उत्सव के रूप में मनाया। विप्र नगर रायपुरा स्थित कविता पैलेस में महिला मंच के पदाधिकारियो ने मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई तथा महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा की उपस्थिति मे पीली साड़ी में श्रृंगार के साथ एकत्र होकर हर्ष व उल्लास के साथ आयोजन में शामिल हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बसंत व मां सरस्वती पर आधारित गीत गायन, भजन व नृत्य के साथ महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। रत्ना शर्मा, कविता




शर्मा, शिखा शर्मा, ममता पांडे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर ललित मिश्रा ने बसंत आधारित काव्य पाठ किया , वहीं शारदा मिश्रा, सोनिया शर्मा, सुनंदा दुबे, पुष्पा पांडे, वीणा तिवारी, वैजयंती चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, शशि पांडे ने गीत गायन, काव्य पाठ व बसंत पर अपने विचार प्रस्तुत किया।

### जैतूसाव मठ में मनाई गई बसंत पंचमी

**रायपुर,15 फरवरी।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री जैतु साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में भगवान श्री रामचंद्र जी जानकी जी लक्ष्मण जी एवं राधा कृष्ण जी को आम का मौर ,गेहूं की बाली, गुलाल तथा फूलों की होली खिलाई गई , प्रधान पुजारी श्री सुमित तिवारी जी सवैया महाआरती किए, जिसमें सचिव महेंद्र अग्रवाल जी,श्री अजय तिवारी जी ,सुरेश शुक्ला जी उज्जवल ठाकुर, आचार्य सुरेश शुक्ला जी, जनमानस एवं माताएं बहने उपस्थित रही आरती के पश्चात भोग प्रसाद सभी को वितरण किया गया।



# सीतारमन को कैट ने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,15 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आय कर के क़ानून 43(बी)एच को लेकर प्रदेश सहित देश भर के व्यापारियों में उपजी चिंताओं को लेकर कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन जी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट ने इस विषय पर एक ज्ञापन देकर कहा कि देश का व्यापारी वर्ग सरकार के इस कदम का स्वागत करता है जी व्यापारियों के बृहद हित में है किंतु अभी देश भर में व्यापारियों को इसकी जानकारी न होने से इस क़ानून की पालना में परेशानियाँ आ रही है, इस दृष्टि से उन्होंने आग्रह किया कि इस क़ानून को एक वर्ष के लिए स्थगित किया जाये।

सीतारमन ने इस विषय पर व्यापारियों की चिंताओं को बेहद ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बेहद संवेदनशील है और इस मामले पर पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सरकार का यह निर्णय स्वागतयोग्य है क्योंकि आय कर क़ानून में इस धारा के जुड़ने से अब एमएसएमई सेक्टर को अपने द्वारा दिये गये माल का पेमेंट भुगतान अधिकतम 45 दिनों में मिल जाएगा जिससे व्यापारियों का पूँजी प्रवाह रुकेगा नहीं, किंतु अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह क़ानून व्यापारियों पर लागू होगा अथवा नहीं वहीं जैसी क़ानून से जुड़े अन्य अनेक विषय हैं, जिनका स्पष्टीकरण आवश्यक है, ताकि क़ानून की पालना की जा सके। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि कैट ने आग्रह किया है कि जब तक इस क़ानून से संबंधित विषयों पर स्पष्टीकरण न आ जाए तथा देश भर में व्यापारियों को जेसी क़ानून के बारे में पर्याप्त जानकारी न मिल जाये, तब तक इस क़ानून को स्थगित रखा जाये।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26